संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 04 मार्च 2024 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 62 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह ने पहले ही क्यों डाला हथियार?

टीम एक्शन इंडिया

पटना: भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने चुनाव मैदान में उतरने के पहले ही हथियार डाल दिए। क्यों? क्या फिल्म अभिनेता से राजनेता बने बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा से मुकाबला की नौबत से बचने के लिए! या, 2022 के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की भाजपा प्रत्याशी पर बड़ी हार का डर समझने के बाद यह फैसला लिया। या, 2022 के उपचुनाव में तृणमूल के अकेले लड़ने और इस बार वामदल और कांग्रेस समेत इंडी एलायंस के साझा उम्मीदवार के सामने खुद को अकेला पाने के डर से यह निर्णय लिया। पवन सिंह ने लिखा- "पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।" मतलब, यह तो पक्का है कि उन्हें आसनसोल से ही संकट है। वह भी तब, जबकि उनका नाम आने के बाद भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री रह चुके बाबुल सुप्रियो ने तृणमूल में होने के बाद भी लिखा था- "आसनसोल को पवन सिंह मुबारक हो"।

बिहार बाबू से बिहारी और एक्टर का पंगा लेना मुश्किल: आसनसोल में बिहारी और खासकर भोजपुरी लोगों की आबादी ठीकठाक मानी जाती है। बिहार से जुड़ाव के कारण यह इलाका खांटी बंगाली स्वभाव का नहीं है। यहां बिहारियों के खिलाफ शेष बंगाल जैसा भाव नहीं है। भोजपुरी फिल्मों का भी यहां ठीकठाक क्रेज है और हिंदी का तो पहले से है। इसी कारण शत्रुघ्न सिन्हा के सामने पवन सिंह को लाया गया था। लेकिन, एक तो शत्रुघ्न सिन्हा की पहचान बिहारी बाबू के रूप में है और फिल्मी जगत में भी पवन सिंह उनके सामने बच्चा हैं। इसके अलावा दोनों बिहारी हैं और एक बिहारी दिग्गज अभिनेता के सामने उतरना पवन सिंह को उचित नहीं लगा हो। हालांकि, पवन सिंह की उम्मीदवारी वापसी के फैसले से यह साबित हो गया कि उनकी शत्रुघ्न सिन्हा से भी बात हुई और यह भी पक्का है कि इस सीट पर तृणमूल फिर उन्हीं को उतारने वाली है।

पवन के मन में वोटों का यह अंतर भी जरूर होगा: भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह ने आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से इनकार किया तो कहीं न कहीं एक वजह पिछले चुनाव के आंकड़े भी होंगे।

2019 की बात होती तो कोई भी पांच साल में बदलाव का हिसाब समझता। लेकिन, अभी दो साल भी नहीं हुए यहां उप चुनाव के। अप्रैल 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आसनसोल सीट से बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा ने बड़ी जीत हासिल की थी। वह तृणमूल के प्रत्याशी थे और भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल को बड़े अंतर से हराया था।

आदर्श विचार

"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"
-भागवद्

मन की बात

"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
-स्वामी विवेकानंद

'इंडिया' गठबंधन ने भरी 'हुंकार'

चीन-पाक हमसे बेहतर: राहुल गांधी, युवाओं को कमजोर ट्रेनिंग देकर मोर्चे पर भेज रही मोदी सरकार

हमला बोला

8 सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर पाएंगे

टीम एक्शन इंडिया

पटना: बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन-विश्वास महारैली के दौरान युवाओं की बड़ी तादाद देखकर कांग्रेस के नंबर वन नेता राहुल गांधी ने अग्निवीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर ऐसे सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर सकेंगे। न जीते जी सुविधा मिलेगी और न शहीद होने पर सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन अग्निवीरों को छह महीने की ट्रेनिंग देकर चीन-पाकिस्तान की मजबूत सेना के सामने भेज रही है।

पीएम मोदी 73% आबादी के खिलाफ रच रहे साजिश: राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है? इस देश में नफरत की जगह नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण अन्याय है। युवाओं, किसानों, गरीबों के खिलाफ अन्याय है। मोद जी केवल दो तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उनके लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए। किसानों के कर्ज क्यों नहीं माफ किए जा रहे हैं? एक उद्योगपति के हाथ में हिन्दुस्तान के बंदरगाह, रेलवे, रक्षा को पकड़ा दिया है। हिन्दुस्तान में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासियों की आबादी 73 प्रतिशत है। अब देखिए 73 प्रतिशत में हिन्दुस्तान की बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालइए, इसमें से एक भी आदमी इस वर्ग का आपको नहीं मिलेगा। बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इन 73 प्रतिशत से एक भी इन वर्गों का नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक सेक्टर में गरीबों को नौकरी मिल जाती थी। मगर नरेंद्र मोदी ने सारे रास्ते बंद कर दिए।

लालू यादव ने खेल दिया हिंदू कार्ड

टीम एक्शन इंडिया

पटना: भारतीय जनता पार्टी अबतक हिंदू कार्ड खेलने के लिए जानी जाती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सनातन धर्म का संरक्षक बताती रही है। लेकिन, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दोनों मोर्चों पर अब लड़ाई छेड़ दी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह-यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार में आए थे तो उन्होंने बिना नाम लिए परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर हमला बोला था।

लालू ने पीएम मोदी को गैर-हिंदू बताया

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पीएम पर हमला कायम रखा। बोले- "देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान ही अब तक थे?" उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा- "जनकपुर में श्रीराम चंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिए। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर नेताओं का सभाएं हुईं। यहीं से देश भर संदेश गया। बिहार के हवा में इतना दम हैं कि जो देश के लोग इसका अनुकरण करते हैं। मेरा किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है। हमारी बेटी रोहिणी ने अपनी किडनी मुझे दान दी। मुझे जीवनदान दिया।

सीएम मान-केजरीवाल ने पंजाब के 13 स्कूल ऑफ एमिनेंस का किया लोकार्पण

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने रविवार को लुधियाना से 13 नये स्कूल ऑफ एमिनेंस का लोकर्पण कर शिक्षा क्रांति के लिए पंजाब में एक और मील का पत्थर पार किया। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन स्कूलों का निर्माण करके विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान दे रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद अब पंजाब में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है और यह स्कूल उसी की झलक हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मौका है और वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश का अग्रणी राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहलकदमी खास करके गरीब और पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों की मानक शिक्षा तक पहुँच यकीनी बनाऐगी। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इन स्कूलों के विद्यार्थी हर क्षेत्र में सफलताएं हासिल करके राज्य का नाम रौशन करेंगे।

शहबाज शरीफ बने पाक के नए पीएम

इस्लामाबाद: पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद शहबाज शरीफ ने गठबंधन सरकार में अपने सहयोगियों को उन पर भरोसा करने और उन्हें सदन का नेता चुनने के लिए धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि शहबाज शरीफ पाकिस्ताना के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। शहबाज शरीफ ने कहा कि मेरे बड़े भाई तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

'सीहॉक्स' एमएच-60आर नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में 'उड़ता फ्रिगेट' कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीद रही है, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुई थी। सौदे के तहत अब तक छह एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। पहली खेप की आपूर्ति के दौरान भारतीय नौसेना के 18 कर्मियों की एक टीम अमेरिका में हेलीकॉप्टरों के उड़ान का प्रशिक्षण लेने के लिए गई थी। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल एयर क्रू और तकनीकी चालक दल के पहले भारतीय बैच को अमेरिका के पेंसाकोला, फ्लोरिडा और सैन डिएगो में प्रशिक्षण देने के लिए किया गया। अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी।

पुरातात्विक स्थल के रूप में अग्रोहा किया जाएगा विकसित: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

चण्डीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अग्रोहा में स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। ये घोषणाएं उन्होंने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हिसार के अग्रोहा में स्थित पुरातत्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर अवसर पर की। इस समझौता ज्ञापन पर एएसआई की ओर से महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत और हरियाणा पर्यटन एवं विरासत विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यह प्रतिमा समाज के सहयोग से निर्मित होगी।

सीएम ने महाराजा अग्रसेन को बताया भामाशाह

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दानवीर के रूप में दो ही नाम सामने आते हैं-दानवीर कर्ण और महाराजा अग्रसेन। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन समाज के भामाशाह रहे हैं। यहीं गुण अग्रवाल व वैश्य समाज में आज भी है। वैश्य समाज के लोग दान देने की प्रवृत्ति रखते है जो कि अच्छी बात है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समाज की यह वर्षो से इच्छा थी कि हजारों वर्ष पुराने इस अग्रोहा स्थल और महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरुष के बारे में लोग जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए कुछ होना चाहिए।

मिनिकॉय में भारत ने बनाया नौसेना बेस

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारत ने एशिया के सबसे छोटे देश मालदीव में चीन की पहल के कारण अपनी पकड़ खो दी है लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी नजर बनाए रखने के लिए भारतीय नौसेना ने लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नौसैनिक हवाई अड्डा बनाया है। यह अरब सागर में भारतीय मिनिकॉय द्वीप मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, जहां भारतीय नौसेना 06 मार्च को आईएनएस जटायु को तैनात करेगी।

यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के मद्देनजर नौसेना की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना 06 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय को आईएनएस जटायु के रूप में तैनात करेगी। यह नौसेना बेस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय की स्थापना 1980 के दशक की शुरूआत में नौसेना ऑफिसर इन चीफ (लक्षद्वीप) की परिचालन कमान के तहत की गई थी। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि मिनिकॉय, लक्षद्वीप का सबसे दक्षिणी द्वीप है, जो संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों (एसएलओसी) तक फैला हुआ है।

नौसेना के जहाज से नाविक साहिल वर्मा लापता, इंक्वायरी के आदेश

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: भारतीय नौसेना के जहाज से लापता नाविक साहिल वर्मा का छह दिनों बाद भी पता नहीं चल पाया है। उनकी खोज के लिए नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। इस बीच पश्चिमी नौसेना कमान ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये हैं। भारतीय नौसेना का एक नाविक 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता है और उसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में साहिल वर्मा सीमैन क्क्र के 27 फरवरी से तैनाती के दौरान समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है।

विदेशी महिला के साथ गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: झारखंड के दुमका जिले में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सात में से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्राजील के दूतावास ने दुखद घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए जानकारी दी है। दूतावास ने कहा है कि महिला को मेडिकल सुविधाएं दी गई हैं और पूरे घटनाक्रम पर वे नजर बनाए हुए हैं। पीड़ित महिला के पास दोहरी नागरिकता है। वह ब्राजील के साथ-साथ स्पेन की भी नागरिक है। वह अपने पति के साथ एशिया के अपने दौरे पर थी। झारखंड के दुमका जिले में महिला के साथ सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने स्वयं पुलिस स्टेशन पहुंचकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। ब्राजील के दूतावास ने एक बयान में कहा है कि घटना के तुरंत बाद महिला और स्थानीय प्रशासन से संपर्क साधा गया है। महिला दोहरी नागरिकता रखती है और पति-पत्नी स्पेनिश पासपोर्ट से भारत आए थे।

कार्रवाई

8 दूतावास ने कहा है कि महिला को मेडिकल सुविधाएं दी गई हैं और पूरे घटनाक्रम पर वे नजर बनाए हुए हैं

लोग परेशान बर्फबारी के बाद रिकांग पिओ व सांगला घाटी के बट्सेरी गाँव मे तूफान उठा व पेड़ो के टूटने के चलते कई वाहनों को भारी क्षति पहुंची

किन्नौर जिला मे बर्फबारी के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कें अवरुद्ध

अनिल

किन्नौर: जिला किन्नौर मे भारी बर्फ बारी के चलते जिला का जनजीवन अस्तव्यस्त हुआ है। ऐसे मे जिला के अधिकतर सडक मार्ग अवरुद्ध हुए है। वहीं बर्फबारी के बाद रिकांग पिओ व सांगला घाटी के बट्सेरी गाँव मे तूफान उठा व पेड़ो के टूटने के चलते कई वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। इसके अलावा शनिवार शाम भी बर्फ बारी के चलते जंगी नाला मे गलेशियर गिरा व रविवार को करछम समीप नाले मे गलेशियर गिरने के चलते एनएच-5 अवरुद्ध हुआ है वहीं निगुलसारी व नाथपा झूला समीप पहाड़ो से पत्थरो के गिरने के चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 अवरुद्ध हुआ है।ऐसे मे जिला के सडके अवरुद्ध होने के अलावा अब पीने के पानी के जलस्त्रोत जाम, शनिवार से बिजली घुल, पैदल मार्ग जाम, होने के चलते जिला देश दुनियां से फिलहाल कट चूका है। जिला मे करीब 80 सडक सम्पर्क मार्ग बर्फ बारी के चलते अवरुद्ध है वहीं सडके अवरुद्ध होने के चलते वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हुई है। जिला के छितकुल, रकछम मे 4 फिट, सांगला साढ़े तीन फिट, आसरंग, लिप्पा, हांगरंग घाटी रोपा घाटी के सभी ग्रामीण इलाकों मे साढ़े तीन फि ट, कल्पा 3 फि ट, युवारिंगी 2 फि ट, रिकांगपिओ डेढ़ फि ट, नेसँग व कुनोचारंग 3 फि ट के आसपास बर्फ बारी हुई है। बर्फ बारी के चलते रिकांगपिओ व बट्सेरी गाँव मे तूफ ान उठने से बड़े-बड़े पेड़ो के टूटने से वाहनों व अन्य सम्पदा को क्षति पहुंची है जिससे लाखो का नुकसान भी हुआ है। मार्च माह मे हुई भारी बर्फ बारी बागवानो व किसानों के लिए किसी अमृत से कम नहीं क्योंकि बागवानो को लम्बे समय से सेब बगीचो मे चिलिंग आवर के समय पूरा करने हेतु इंतजार था जो पूरा हुआ है वहीं गर्मियों मे इस बर्फ बारी बाद प्राकृतिक जलस्त्रोत भी खुलने लगेंगे, जिला मे प्रशासन ने जबतक प्रशासन की ओर से सडके बहाल नहीं की जाती तबतक किसी भी प्रकार से जोखिम उठाने से परहेज का आग्रह किया है। डीसी किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने कहा कि जिला मे बर्फ बारी के बाद अवरुद्ध सडकों को खोलने के लिए प्रशासन प्रयासरत है और बिजली के टूटे खम्बे, पैदल मार्ग, पीने के पानी के जलस्त्रोत को रिस्टोर करने हेतु काम किया जा रहा है लेकिन बर्फ बारी के बाद प्रशासन को भी सडके बहाल व अन्य कार्यो मे दिक्कते पेश आ रही है। उन्होंने कहा कि जिला जनजीवन को सामान्य करने हेतु प्रशासन प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान के तहत तीन मार्च से स्वास्थ्य विभाग जिला मे शून्य से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लिए निर्धारित तिथि को भी बर्फ बारी के चलते फि लहाल स्थगित किया गया है।

जलस्त्रोत जाम

8 शनिवार से बिजली घुल, पैदल मार्ग जाम, होने के चलते जिला देश दुनियां से फिलहाल कट चूका है

पहाड़ों पर भारी बर्फबारी, रूक-रूक कर हो रही बारिश

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: मौसम के मिजाज में शनिवार को तेज बदलाव हुआ और राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के इलाकों समेत उत्तर व मध्य भारत के ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश हुई। कई इलाकों में तेज हवाएं चलने के साथ ओलावृष्टि भी हुई। वहीं, पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह फिर बारिश हुी है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह तेज हवा के साथ बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि बारिश के बावजूद न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं आई और यह 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय हवा की गुणवत्ता भी ठीक रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 148 दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब व यूपी में अलग-अलग जगहों पर आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि हुई है। हिमाचल में हिमपात और बारिश से चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 350 से अधिक सड़कें बंद हैं।

उपयोग प्लेटफार्म शहरी स्थानीय निकायों की ई-सेवाओं में क्रांति लाएगा: मुख्यमंत्री

60 यूएलबी के लिए जल्द ही ई-सेवाएं शुरू करने की योजना

चमन शर्मा

शिमलाः मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी 60 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में ई-गवर्नेंस सेवाएं शुरू कर रही है। इस पहल का उद्देश्य वृहद राज्य-व्यापी सेवा वितरण अधोसंरचना के माध्यम से एकीकृत व पूर्ण समाधान प्रदान करके नागरिकों के लिए सार्वजनिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के तहत अर्बन प्लेटफार्म फॉर डिलीवरी आफ ऑनलाइन गवर्नेंस (उपयोग) प्लेटफॉर्म के कार्यान्वयन के लिए आवास एवं शहरी मामलों के

मंत्रालय और राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह प्लेटफ ार्म प्रदेशवासियों के लिए एकीकृत पोर्टल प्रदान करके शहरी सेवाओं को डिजिटल बनाने और बदलने के लिए तैयार किया गया है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नागरिकों को शहरी सेवाओं की सरल उपलब्धता, स्वचालित स्थिति अपडेट और शहर के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जबकि शहरी स्थानीय निकाय उत्पादकता में वृद्धि, सेवाओं की बेहतर समयबद्ध डिलीवरी, बेहतर राजस्व सृजन और डेटा-संचालित निष्पादन करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार को योजना और नीतियां बनाने, परियोजना लक्ष्यों के आधार पर निधि वितरण में तेजी लाने और विभिन्न शहरों के बीच नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में वास्तविक डेटा से लाभप्रद सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य एकीकृत डिजिटल प्लेटफ ॉर्म के माध्यम से राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं को लागू करने की पहल का उद्देश्य प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से शहरों की गवर्नेंस में पारदर्शिता, दक्षता और समन्वय को बढ़ाना है। राज्य सरकार विभिन्न विभागों में प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उपयोग प्लेटफ ार्म की संचालन के लिए कार्यान्वयन योजना के रूप में राज्य स्तर पर स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस पहल में शहरी स्थानीय निकायों में संपत्ति मानचित्रण और सर्वेक्षण के लिए ड्रोन-आधारित भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग और परिवार रजिस्टर तैयार करने के लिए प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण शामिल है। उन्होंने कहा कि उपयोग प्लेटफ ार्म माइक्रो-सेवा-आधारित डिजिटल बुनियादी ढांचा है जो राज्य सरकारों को नागरिकों के लिए शहरी सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी शहरी स्थानीय निकायों में स्थानीय रूप से प्रासंगिक ऑनलाइन समाधान प्रदान करता है।

एसजेवीएन ने गुजरात के खावड़ा सोलर पार्क में 200 मेगावाट की सौर परियोजना हासिल की

विकसित

8 1100 करोड़ रुपए की संभावित विकास लागत पर बिल्ड ओन एंड ऑपरेट आधार पर विकसित किया जाएगा

चमन शर्मा

शिमलाः एसजेवीएन ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एसजीईएल के माध्यम से, गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड जीयूवीएनएल द्वारा आयोजित ई-रिवर्स नीलामी के अंतर्गत 2.66 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर 200 मेगावाट सौर परियोजना हासिल की। इस परियोजना को एसजीईएल द्वारा 1100 करोड़ रुपए की संभावित विकास लागत पर बिल्ड ओन एंड ऑपरेट आधार पर विकसित किया जाएगा। एसजेवीएन ने



गुजरात के खावड़ा में 1125 मेगावाट के गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड जीएसईसीएल सोलर पार्क में सौर परियोजनाओं के विकासार्थ टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से 200 मेगावाट क्षमता हासिल की। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि परियोजना की कमीशनिंग के प्रथम वर्ष में लगभग 504 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन अनुमानित है और 25 वर्षों की अवधि में संचयी विद्युत उत्पादन लगभग 11732 मिलियन यूनिट होगा। रिक्वेस्ट फॉर सिलेक्शन आरएफ एस के अनुसार यह परियोजना विद्युत क्रय करार पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 18 माह की अवधि में आरंभ की जाएगी, जिस पर जीयूवीएनएल और एसजीईएल के मध्य 25 वर्षों के लिए हस्ताक्षर किए जाएंगे। परियोजना की कमीशनिंग से 574868 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी होने की संभावना है। एसजेवीएन एक अग्रणी पावर सीपीएसयूए वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट के अपने साझा विजन को प्राप्त करने के लिए तीव्रता से प्रगति पर है। यह साझा विजन वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से 50ः ऊर्जा उत्पादन करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप तैयार किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

चमन शर्मा

शिमलाः स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने गत दिवस को पोलियो दिवस के अवसर पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने भारत को पोलियो मुक्त बनाने के लिए देश के स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश में 10,963 दलों द्वारा 5,870 केन्द्रों में 5,90,600 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित किया गया है, लेकिन हमारे पड़ोसी देशों में पोलियो के मामले होने के कारण नियमित अन्तराल में प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर करने के लिए उनके घरद्वार के समीप विभिन्न पोलियो टीकाकरण केन्द्र खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त, बस अड्डों, जिलों की सीमाओं, यात्री स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण जन स्थलों पर भी पोलियो की खुराकें पिलाई जाएंगी। सरकार टीकाकरण अभियान में छूटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए घर-घर जाकर भी अभियान आरम्भ करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बर्फ बारी तथा शीतलहर के कारण लाहौल-स्पिति, किन्नौर तथा जिला चम्बा के पांगी के अलावा पूरे प्रदेश में पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में 7 अप्रैल, 2024 को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

वर्ष-2024 में सडक दुर्घटनाओं में 20 लोगों की जानें गई : एलआर वर्मा

एसपी जैरथ

नाहन :अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा की अध्यक्षता में नाहन में सडक सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला में वर्ष 2022 में कुल 267 दुर्घटनाओं के मामलों में सिरमौर जिला में 107 लोगों की मृत्यु हुई जबकि 372 लोग घायल हुए। इसी प्रकार वर्ष 2023 में कुल 207 सडक दुर्घटनाएं हुई जिसमें 78 लोगों की जानें गई तथा 285 लोग घायल हुए। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में कुल 21 दुर्घटनाएं हुई जिसमें 15 लोगों की जानें गई जबकि 41 लोग घायल

हुए। इसी प्रकार माह फरवरी में 15 एक्सीडेंट के मामले हुए जिसमें 5 लोगों की जानें गई और 21 लोग घायल हुए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि आज की बैठक में रोड सेफ्टी पॉलिसी और नियमों को जनहित में गंभीरतापूर्वक लागू करने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि सभी पुलिस थानों में रोड सुरक्षा क्लब का गठन किया गया है। इसी प्रकार स्कूलों में भी रोड सेफ्टी क्लबों का गठन किया गया है। वर्मा ने कहा कि सडक सुरक्षा के दृष्टिगत सीट बेल्ट, ड्रंकन ड्राइव और हेलमेट आदि यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस को विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविरों का भी आयोजन किया जाए। रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष नरेंदर तोमर ने बताया कि सडक सुरक्षा के दृष्टिगत 14 जनवरी से 14 फ रवरी, 2024 तक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उन्होंने नाहन शहर में सडक सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद शर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अलोक जनवेजा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सचिंदर चौधरी के अलावा स्वास्थ्य, पुलिस तथा अन्य विभागों के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए डाक विभाग में पंजीकरण करवाएं लाभार्थी

खेमचंद शास्त्री

मंडीः जनमानस के सतत विकास तथा बेहतर स्वरोजगार प्रदान करने के लिए भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की गई है।

= इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार पूरे भारत वर्ष में 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली सौर उपकरणों के माध्यम से प्रदान करेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना पर भारत सरकार 75,000 करोड़ रुपये का

निवेश करने जा रही है। इस योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर या उपयुक्त खाली स्थान पर सौर बिजली उत्पादन उपकरण स्थापित किए जाएंगे।

सौर उपकरण लगाने हेतु भारत सरकार लाभार्थियों को आकर्षक सब्सिडी प्रदान करेगी

अधीक्षक डाकघ मंडी रस्वरुप चन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हेतु लाभार्थियों को पंजीकृत करने का कार्य डाक विभाग को सौंपा गया है। डाक विभाग के पोस्टमैन घर द्वार जाकर इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कर रहे हैं। मण्डी डाक मण्डल के डाक कर्मचारियों द्वारा इस योजना का पंजीकरण सभी डाकघरों में किया जा रहा है।

प्रोफेसर बिक्रम राणा को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुरः बिक्रम राणा को उच्च शिक्षा क्षेत्र सीआईपीयू के अध्यक्ष प्रोफेसर परविंदर सिंह ने बधाई दी है उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आपके सराहनीय योगदान और राष्ट्र निर्माण प्रयासों में प्रशासक के रूप में भूमिका को ध्यान में रखते हुए, आपको एक वर्ष के लिए सलाहकार मानद उत्तरी क्षेत्र नियुक्त किया गया है। आपसे अनुरोध है कि अध्यक्ष के साथ समन्वय करें और यह सुनिश्चित करने के लिए विचार-विमर्श करें कि हमारे नेता राहुल कराड के संरक्षण म२२रें सीआईपीयू का दृष्टिकोण हमारे ठोस प्रयासों से साकार हो। शैक्षणिक उद्योग संपर्क को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीयकरण, कला, संस्कृति को बढ़ावा देना आदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के साथ विरासत आदि प्रमुख एजेंडा बिंदु हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने ने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि आपके विशाल ज्ञान और अनुभव से आप सफ ल परिणाम हासिल करेंगे। सीआईपीयू में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रोफेसर परविंदर सिंह अध्यक्ष उत्तर सीआईपीयू।

सुखाश्रय योजना के तहत लाभार्थियों को प्रदान की 16-16 हजार रुपये की पॉकेट मनी

खेमचंद शास्त्री

मंडीः राज्य सरकार की महत्वकांक्षी सुखाश्रय योजना से ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले पात्र लाभार्थी लाभान्वित होने लगे है। इस योजना का लाभ करसोग क्षेत्र के चिन्हित लाभार्थियों को भी मिलना शुरू हो गया है। क्षेत्र के सभी चिन्हित 53 पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार की ओर से प्रतिमाह 4 हजार रुपये की राशि पॉकेट मनी के रूप में प्रदान की जा रही है। गौरतलब है कि योजना में 0 से 27 वर्ष के आयु वर्ग के ऑरफ न अनाथ बच्चों को शामिल किया गया है। जिनका पालन पोषण करने वाला अपना कोई नहीं है। राज्य सरकार द्वारा इन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित किया गया है।

चार माह की राशि एक साथ जारी

योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा दिसम्बर, 2023 से मार्च, 2024 तक लगभग 4 माह की पॉकेट मनी की राशि 16 हजार रुपए प्रति लाभार्थी प्रदान की गई है। चयनित सभी 53 लाभार्थियों को लगभग 8 लाख रुपए की राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इन सभी लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा सुखाश्रय योजना के अंतर्गत लाकर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में घोषित किया गया है। इन सभी का जीवन यापन का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निदेर्शानुसार एक वृहद योजना तैयार कर प्रदेश के अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में घोषित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

यह है योजना के लाभार्थी

नरेश कुमार गांव सुहलू, सुनीता देवी गांव सुहलू, शुष्मा गांव धारठू, ब्रिज लाल, गांव खडोंन, जगदीश गांव नागडा, रोहित ठाकुर, गांव जय, मनीष खन्ना, गांव दरकली, उत्तम सिंह, गांव शानेहच, सीमा देवी, गांव पजौआ, भूपेंद्र कुमार, गांव पजौआ, रोहित, गांव मूर्ति, नरेंद्र, गांव मूर्ति, पदम देव, गांव धमलोट, यशवंत, गांव शोपा, दिनेश कुमार, आयुष, गांव बरसोल, गांव कुठेहर और यमन वर्मा, गांव जस्सल सहित आदि को 16-16 हजार रुपए की राशि पॉकेट मनी के रूप में 4 माह की एक साथ

ट्राली टूटने से युवक की मौत

नाहन : पांवटा साहिब ब्लॉक में शनिवार को नैशनल हाइवे 707 पर तारूवाला के नजदीक काम कर एक हाइड्रा की अचानक ट्रॉली टूट जाने एक 25 साल के युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

change of name

I Rajeshwari Devi W/o Avtar Chand Katoch R/o Ward No.- 7, Post Office Bhawarna Bari Teh Palampur, Bari (286), Kangra, Himachal Pradesh- 176083, have changed my name to Rajeshwari Katoch.

'शांत वादियों को अशांत करने का प्रयास कर रही भाजपा'

विवेकानंद वशिष्ठ

हमीरपुरः लोकसभा चुनाव से ध्यान हटाने के लिए भाजपा नित नए हथकंडे अपना रही है। भाजपा परदेश कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है। इसका प्रमाण राज्यसभा के इलेक्शन में देखने को मिला है। यह बात जिला कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट रोहित शर्मा ने कही।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता बोले मोदी और अमित शाह को माफ नहीं करेगी हिमाचल की जनता

रोहित शर्मा ने केंद्र सरकार पर उंगली उठाते हुए कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह आए दिन सरकार को गिराने का प्रयास कर रहे हैं तो उन्हें हिमाचल की जनता कभी माफ

नहीं करेगी। उन्होंने कहा की आज भी कांग्रेस सरकार बहुमत के साथ है। उन्होंने कहा की मोदी सरकार का दस साल का कार्यकाल विफल रहा है। यही कारण है की हिमाचल सरकार को गिराने का प्रयास किया जा रही है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा की लोकसभा चुनाव में हिमाचल की जनता भाजपा को आइना दिखाएगी। उन्होंने कहा की यदि केंद्र सरकार प्रदेश सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है तो निश्चित तौर पर शर्मनाक है। उन्होंने कहा की परदेश में आपदा आई तो प्रदेश सरकार ने जनता का पूरा साथ देते हुए अपना दायित्व बखूबी निभाया है। रोहित शर्मा ने कहा की व्यक्तिगत एजेंडा से सरकार नही चलती। सरकार का अपना एजेंडा होता है और उसी के तहत कार्य किया जाता है।

कब दोगी हमारा पैसा केन्द्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट जाने को मजबूर न करें सरकार : मायाराम शर्मा

एसपी जैरथ

नाहन : संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मायाराम शर्मा ने मोदी सरकार को चेताते हुए कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों की गाड़ी कमाई का एनपीए का पैसा जल्द वापस करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा ओल्ड पेंशन लागू किए हुए 1 वर्ष हो चुका है, मगर अभी तक केंद्र की मोदी सरकार ने उनका एनपीए का पैसा वापस नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह पैसा आज भी बीमा कंपनियों के खाते में जमा है जिसका वह दोहरा लाभ ले रही हैं। माया राम शर्मा ने कहा कि प्रदेश का डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारी वर्ग काफी रोष में है। रविवार को पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति कि राज्य स्तरीय बैठक ऑनलाइन संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष माया राम शर्मा के द्वारा की गई। बैठक में शामिल हेमराज ठाकुर, यशपाल, अरुण, प्रदीप ठाकुर, चतर सिंह, अनिल तोमर, सुशील, अशोक शर्मा, बलबीर, बलवंत चौहान, सुनील, ललित शर्मा सहित 100 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। संघर्ष समिति ने बैठक में स्पष्ट कर दिया कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द उनका एनपीए का पैसा वापस नहीं दिलाया तो वह उनके खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

H.P.P.W.D NOTICE INVITING TENDER

Sealed item rate tender on the form 6&8 are invited by the Executive Engineer, Sarkaghat Division, HPPWD Sarkaghat on behalf of Governor of HP for the following works from the approved and eligible contractor enlisted in HPPWD.

TENDER SCHEDULE:

1. Date and time of receipt of application for the tender form : 11.03.2024 upto 4:00 PM
2. Date and time of issue of tender form : 12.03.2024 upto 5:00 PM
3. Date and time of receipt of tenders : 13.03.2024 upto 11.00 AM
4. Date and time of opening of tenders : 13.03.2024 upto 11.30 AM

The tender form will be issued against cash payment (non refundable), the earnest money in the shape of [illegible] at call of any Post Office/Bank in H.P duly pledged in the name of the Executive Engineer, Sarkaghat Division, HPPWD Sarkaghat must accompany with each tender. Conditional tender and tender received without earnest money will summarily be rejected.

Sr.No	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest Money (In Rs.)	Time
1	Periodic maintenance of JNSG road KM 76/00 to 91/500 (SH: Providing and applying road marking strip including Edge line, Center line with thermoplastic paint at RD 8200 to 86/00)	444600/-	9000/-	One Month
2	R/R damages on Chandesh Dhalwan via Kolai road KM 0/00 to 14/000 (Portion 0/00 to 12/435) (SH: C/o R/Wall in wire crate at RD 3/740 to 3/752)	458640/-	10000/-	Two month
3	Restoration of rain damages on Maira Kuthari KM 0/00 to 6/500 (SH: C/o R/Wall in wire crate at RD 5/473 to 5/486)	386100/-	8000/-	45 Days

Terms and Conditions:-

5. The contractors/firms should posses the following documents at the time of application. (Photocopy to be attached):- i) Latest renewal of enlistment. (ii) PAN (Permanent Account No.), (iii) Copy of GST registration. (iv) Copy of EPF Number, (v) Owned/Hired documentary proof of the machinery required for the work. Vi) Cost of tender. vii) Earnest Money.
6. The Contractors/firms are required to quote their rates both in figures and words, failing which under-signed reserve the right to accept/reject any or all tenders without assigning any reasons.
7. 1% cess charges on the amount of work awarded will be recovered from the contractor and the contractor has to get registered with Labour Officer-cum-Registering Officer-cum- Cess Collector within one month from the issue of the award letter.
8. The contractor will give affidavit that he has not two or more works in hand for execution, failing which the application shall be rejected.
9. The offer of the tender shall remain valid upto 120days after the opening.
10. The Executive Engineer reserves the right to reject/cancel any or all the tenders without assigning any reason(s).
11. The Executive Engineer reserve the right to deployed the JCV Machine any where in the jurisdiction of this Division as per urgency of work/ public interest.

R O N- 6615/ 2023- 2024

Executive Engineer,
Sarkaghat Division,
HP.PWD, Sarkaghat,
Distt: Mandi (H.P.)

सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया के लोग चाहते है नरेन्द्र मोदी बने प्रधानमंत्री: जयराम

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है: जयराम ठाकुर

चमन शर्मा

शिमलाः नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बने यह भारतीय ही नहीं पूरा विश्व चाहता है। दुनिया के हर कोने से उनके समर्थन में लोग खड़े हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है। इसलिए हर भारतीय चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश फि र से प्रधानमंत्री बने। यह लक्ष्य आसानी से तभी हासिल होगा जब हर कार्यकर्ता पूरी ताकत से जमीन पर कार्य करेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि बूथ लेवल पर कार्यकर्ता जितना जी-जान से काम करेगा, बीजेपी की जीत उतनी ही बड़ी होगी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि बीजेपी हिमाचल प्रदेश के लोगों के हितों को लेकर कभी खामोश नहीं बैठेगी। वह प्रदेश सरकार की नाकामियों के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के हर बूथ से बीजेपी ने बढ़त हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में बूथ लेवल के कार्यकताओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। किसी प्रकार से लोगों को असुविधा होने पर उनका ध्यान रखना, उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत करवाना और उनका लाभ सभी को आसानी से मिले यह सुनिश्चित करना भी इन्ही जमीनीं कार्यकताओं का दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के उत्साह से हम आश्वस्त हैं कि बीजेपी इस बार सभी बूथों से प्रधानमंत्री को अपना आशीर्वाद देगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार के लोक सभा चुनावों में कांग्रेस नीत इंडी गठबंधन पिछली बार से भी कम सीटें पाएगी। क्योंकि उनके गठबंधन के एजेंडे में कहीं भी भारत के विकास की कल्पना नहीं हैं।

उनके एजेंडे में अपने लाभ के सिवा कुछ भी नहीं। तभी तो बीजेपी ने जहां अपने 195 प्रत्याशी भी उतार दिये वहीं कांग्रेस और इंडी गठबंधन के बीच अभी भी सीटी के बंटवारें की लड़ाई चली हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार एनडीए गठबंधन को चार सौ से ज्यादा सीटें मिलेगी और विपक्ष की पार्टियों को देश की जनता उनके विकास विरोधी एजेंडे कारण पूरी तरह से नकार देगी।

नेता प्रतिपक्ष शिमला शहरी विधान सभा क्षेत्र के त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन में बोल रहे थे। इस मौके. पर उनके साथ विधायक सुखराम चौधरी, बलवीर वर्मा, इंदर सिंह गांधी, सुरेंद्र शौरी, प्रकाश राणा, दिलीप सिंह ठाकुर, पूर्ण चंद, आदि उपस्थित रहे।

राजनीति के पंडित सुखविंद्र के आगे भाजपा का हर दांव पड़ेगा फीका: संदीप सांख्यान

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने प्रैस को जारी बयान में कहा है कि सत्ता से बाहर बैठी भाजपा सत्ता में आने के लिए दिन-रात साजिशों को अमलीजामा पहनाने की फिराक में है। अभी हाल ही में भाजपा द्वारा रचा गया षड ?ंत्र औंधे मुंह गिरा है। भाजपा इस खेल मे चारों खाने चित्त हुई है। इस सारे प्रकरण में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक परिपक्व और अनुभवी नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं। डावांडोल हो रही नैया को शिद्दत से किनारे लाकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से साबित कर दिया कि वे राजनीति के पक्के खिलाड़ी हैं तथा विपरीत परिस्थितियों में भी वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने कुनबे को संभालने में माहिर हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि जनता के पूरे आशीर्वाद और प्रचंड समर्थन के साथ कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश की सत्ता में

काबिज हुई है। हिमाचल प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री पर विश्वास जताया है तथा इस विश्वास की रक्षा करने के लिए सुक्खू सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो जो वायदे जनता के साथ किए थेए धीरे धीरे उन वायदों को पूरा किया जा रहा है। सुक्खू सरकार अपने दम पर प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है। बीते वर्ष बरसात में आई प्राकृतिक आपदा में हुए भारी जानी व माली नुकसान को लेकर केंद्र सरकार की रवैया सबकी समझ में आ चुका है बावजूद इसके सुक्खू सरकार ने एक बार फि र से प्रदेश के जख्मों को ठीक कर राहत पहुंचाने का दूरदर्शी काम किया है। सुक्खू सरकार के पांव मजबूत होते देख भाजपा के पेट में बल पड ?ा स्वाभाविक है। लेकिन सत्ता से दूर रहकर छटपटा रही भाजपा स्थित एवं विश्वसनीय सरकार को अस्थिर करने पर तुली है। अभी हाल ही में जो प्रपंच भाजपा द्वारा रचा गया वह भाजपा की संस्कृति बन चुका है। लेकिन भाजपा के कांग्रेस मुक्त भारत के सपने केवल सपने ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत देश का लोकतंत्र विश्व का विश्वसनीय लोकतंत्र है लेकिन सत्ता की प्यासी भाजपा लोकतांत्रिक मयार्दाओं को तारणतार करने पर तुली है। देश की जनता यह जान चुकी है कि स्थायी नेतृत्व और ढकोसलों के बीच क्या अंतर है।

9 दिवसीय कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव की दूसरी संध्या में 'एक और द्रोणाचार्य' का भव्य मंचन

श्याम कुल्वी

कुल्लूः स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के सहयोग से भाशा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय कुल्लू राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव की दूसरी संध्या संवाद थिएटर ग्रुप चण्डीगढ़ के कलाकारों ने डॉ शंकर षेश द्वारा लिखित नाटक एक और द्रोणाचार्य का भव्य तथा प्रभावषाली मंचन मुकेश शर्मा के निर्देषन में किया। इस नाटक में वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रश्टाचार, पक्षपात, राजनैतिक घुसपैठ तथा



आर्थिक एवं सामाजिक दबावों के चलते निम्न मध्यवर्गीय व्यक्ति के असहाय बेबस चरित्र को उद्वघाटित किया है। महाभारत कालीन प्रसिद्ध पात्र द्रोणाचार्य के जीवन प्रसंगों को आधार बनाकर वर्तमान विसंगति को दिखाया गया। नाटक में गुरू द्रोणाचार्य के जीवन प्रसंगों की संवेदनषील झाँकियाँ प्रस्तुत की गई।

'मुख्यमंत्री मानते हैं जी गुटबाजी है, रेवडियां बांट गुटबाजी को बांधने का प्रयास'

काला नाग वाला बयान अशोभनीय, अभी भी कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं

चमन शर्मा

शिमला : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप ने भारद्वाज ने कहा की मुख्यमंत्री का यह बयान कि 80 फ ीसदी कांग्रेस एक साथ है और बाकी 20 फीसदी में भी कुछ लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर हमसे नाराज हैं, साफ दशार्ता है कि कांग्रेस पार्टी और सरकार में गुटबाजी है। साथ ही बार-बार अपने विधायकों को काला नाग खेना अशोभनीय है।

बात केवल गुटबाजी की नहीं है पर इस पूरे प्रकरण में जनता पीड़ित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और

कैबिनेट रैंक को रेवडि ?ों की तरह बांट रही है, कांग्रेस के दो विधायकों नंदलाल और मोहन लाल ब्राक्टा की सुक्खू सरकार ने सुरक्षा और कड़ी कर दी है। उन्हें फोर प्लस सिक्योरिटी दी गई है, जिसमें एक हवलदार और चार सिपाही रहेंगे, सबको यह समझ नहीं आ रहा है की ऐसी क्या नौबत आन पड़ी। सरकार ने शनिवार को कांगड़ा जिले की फ तेहपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया को कैबिनेट मंत्री के बराबर का दर्जा दिया। उन्हें राज्य योजना बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पूर्व में कांग्रेस नेता नंदलाल को एक दिन पहले ही कैबिनेट मंत्री के स्तर का दर्जा देकर उन्हें सातवें वित्तायोग का अध्यक्ष बनाया गया है। विधायकों को सरकार में जगह देकर अपने पक्ष में साधने के प्रयास हो रहे हैं। कांग्रेस की वर्तन सरकार केवल मात्र रेवडियां बांटकर सरकार के एकजुटता करने का प्रयास कर रही है। ऐसी आशंका भी है की डैमेज कंट्रोल के लिए अभी सुक्खू सरकार और भी ताजपोशियां करने की तैयारी में है। एक दर्जन निगमों-बोर्डों और स्वायत्त संस्थानों में कई अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की जानी हैं। इसके लिए असंतुष्टों और ओहदों के ख्वाहिशमंदों की एक सूची बनाई जा रही है। इस सूची में चार विधायकों के नाम शामिल हैं। यह कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी तीनों ही संसदीय क्षेत्रों से हैं। उन्होंने कहा की राज्य सचिवालय के शिखर सम्मेलन हॉल में चल रही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अचानक उठकर तेजी से बाहर चले गए। चर्चा यह रही कि वह किसी बात से नाराज होकर कैबिनेट बैठक छोडकर जा रहे थे। इस पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तेजी से बाहर आए और सीढियों से ऊपर की मंजिल की ओर बढ़े। वह उन्हें मनाकर वापस कैबिनेट बैठक में ले गए। इस मामले को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआए जिससे एक नया प्रकरण उठने की चर्चा रही।

न्यूज फ्लैश

ईजमायट्रिप.कॉम का तीसरी तिमाही में कर बाद मुनाफा 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 45.7 करोड़ रुपये हुआ

धर्मशालाः भारत के अग्रणी ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप. कॉम का दमदार वित्तीय प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना 18.1प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,607.9 मिलियन रुपये हो गया। वहीं एबिटा सालाना 10.9प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 653.7 मिलियन रुपये रहा और कर बाद मुनाफा सालाना 9.5प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का सकल बुकिंग राजस्व 20260.7 मिलियन रुपये रहा।एक सफल तिमाही के बाद कंपनी ने ईसीओ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में लगभग 13प्रतिशत की हिस्सेदारी ली है जिससे ऑनलाइन यात्रा सेवाओं से परे कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता आ गई।ईजीट्रिप प्लानर्स के सह संस्थापक और सीईओ निशांत पिट्टी ने कहा,हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में पीएटी (कर बाद मुनाफा)सालाना 9.5प्रतिशत वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये रहा जो लाभ प्रदता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इसी तरह वित्त वर्ष 24 के 9 महीनों में पीएटी सालाना आधार पर 15.0प्रतिशत बढ़कर 1188.6 मिलियन रुपये हो गया।वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के पहले 9 महीनों में जीबीआर क्रमशः 20260.7 मिलियन रुपये और 64226.0 मिलियन रुपये रहा।पर्यटकों की जरूरतों के मुताबिक सेवाओं की पेशकश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ईजमायट्रिप ने इजी दरशन की शुरूआत की है जो पूरे भारत में यात्रियों की जरूरतों के मुताबिक तीर्थ यात्रा पैकेज की सुविधा देता है।ये पैकेज सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए परेशानी मुक्त यात्रा,परिवहन,आवास,गाइडेड पर्यटन और विशेष पूजा की सुविधा मुहैया कराते हैं।इसके अतिरिक्त एक्सप्लोर भारत/ डिस्कवर द सोल ऑफ इंडिया का लॉन्च विदेशी यात्रियों को ध्यान में रखते हुए हुए देश की समृद्ध विरासत, संस्कृति और परिदृश्य का प्रदर्शन करना है। इसके अलावा ईजमायट्रिप एक विशेष सदस्यता कार्यक्रम ईजमायट्रिप प्लैटिनम गोल्ड और सिल्वर कार्ड की पेश कश कर रहा है जो हाई नेट वर्थ व्यक्तियों को लक्जरी यात्रा अनुभव की पेशकश करता है।ये कार्ड विशेष सेवाएं,लाभ और विशेषाधिकार के साथ आते हैं जो ग्राहकों की यात्रा अनुभव में इजाफा करते हैं।

आईआईएम सिरमौर के 312 छात्रों ने पूरा किया ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट

एसपी जैरथ

नाहनः भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर ने अपने 312 छात्रों के अब तक के सबसे बड़े बैच के लिए ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में परामर्श, वित्त, मानव संसाधन, विपणन, संचालन, बिक्री और व्यवसाय विकास, रणनीति आदि में इंटर्नशिप की पेशकश करते हुए दुनिया भर से 140 प्लस भर्ती कताओं को आकर्षित किया। छात्रों को एक्सेंचर, एंजेलव, बजाज फिनसर्व लिमिटेड, कॉर्डेलिया, डीसीएम श्रीराम, डीई शॉ,

इजमायट्रिप, अर्न्स्ट एंड यंग, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटोन और इस एसआईपी जैसी प्रमुख कंपनियों से प्रभावशाली ऑफर मिले। जबकि आईआईएम सिरमौर के छात्रों को इंटर्नशिप के लिए दो लाख रुपए के उच्चतम घरेलू वजीफे प्राप्त किए।

सांसद खेल महाकुंभ-3 के शुभारंभ पर टीम इंडिया के कैप्टन और कोच होंगे मुख्यातिथि

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः केंद्रीय सूचना और प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री, अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फि र से हमीरपुर में युवा प्रतिभाओं को एक शानदार मंच प्रदान करने के लिए तैयार हैं। हमीरपुर सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का भव्य शुभारंभ 5 मार्च 2024 मंगलवार को सुबह 10 बजे को बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट ग्राउंड में होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा गायक लखविंदर सिंह वडाली, कुलदीप शर्मा, हिमाचल पुलिस बैंड और अपारशक्ति खुराना भी भव्य शुभारंभ समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने के साथ-साथ रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी करेंगे। यह आयोजन न केवल ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करेगा बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का भी अवसर प्रदान करेगा।

बौल से विवाहिता लापता, पति ने दी पुलिस को शिकायत

राजन पुरी

ऊनाः थाना बंगाणा के तहत बौल से एक विवाहिता पिछले छह दिनों से लापता है। मामले को लेकर पति ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पति ने बताया कि मेरी पत्नी 26 फरवरी को बिना बताए अपने मायके बौल से कही चली गई। काफी तलाश के बाद भी पत्नी का कोई पता नहीं चल पाया है। ऐसे में पति ने पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी है।

'जोगिंद्रनगर में चल रहे विकास कार्य सीएम सुक्खू की देन'

संगराय

जोगिंद्रनगरः प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने रविवार को कुठेहडा पंचायत में भारी बारिश के बीच जनता की लंबे अरसे से लंबित माँग को पूरा करते हुए बरैहली चक्का से बताल देवता मन्दिर सडक का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि हर क्षेत्र के विकास के लिए सडक शिक्षा और स्वास्थ्य तीन मूलभूत सुविधाएं हैं जो कि हर क्षेत्र की जनता को मिलनी चाहिए। अगर जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की

बात की जाए तो यहां पर क्षेत्र के युवाओं को बेहतरीन शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है जो कि हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे पहले राजनेताओं द्वारा यहां की जनता को लुभावने प्रलोभन देकर ठगा गया। उन्होंने कहा कि वे कुठेहडा पंचायत की जनता का आभार व्यक्त करते हैं कि जब उन्होंने जिला परिषद सदस्य का चुनाव लडा था, तब यहां की जनता ने उन्हें अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र उनका अपना विधानसभा क्षेत्र है और इस विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयत्नशील हैं।

गागल में गूंजा कर बंदगी और भजन धीरे-धीरे

खेमचंद शास्त्री

मंडीः विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल द्वारा हिमाचल धाम आश्रम गागल में रविवार को मासिक सत्संग हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने कर बंदगी और भजन धीरे-धीरे, आनंद ही आनंद बरस रहा बलिहारी ऐसे सतगुरु की, जीवन की घडियां देखा न कोई ओम जपो हरि ओम जपो, गुरुवर की शरण हम आये गुरुवर की शरण हम आये, कैलाश के निवासी नमो बार-बार हो आयो शरण तुम्हारी प्रभु तार तार हो, शरण में आ पड़ा तेरी प्रभु मुझको भुलाना ना, दया कर दान भक्ति का हमें परमात्मा देना आदि मधूर भजनों की मनमोहक प्रस्तुति पेश की। इसके अलावा दलीप सैनी ने मिट्टी दी ये मूरत जिदया निवाणा गंगा किनारे जल जाना मूढ के फि र नहीं आना, इक झोली में फू ल भरे है इक झोली में कांटे कोई कारण होगा, प्रेम सिंह

निहाल किया

8 निर्मला सैनी ने गुरु वचनों को रखना संभाल के इन वचनों में गहरा राज है भजन गाकर श्रद्धालुओं को निहाल किया

गुलेरिया ने प्रभु तेरा ओम् नाम सबका सहारा है। वहीं मेहर चंद ने भरोसा कर तू ईश्वर का तुझे धोखा नहीं होगा, निर्मला सैनी ने गुरु वचनों को रखना संभाल के इन वचनों में गहरा राज है भजन गाकर श्रद्धालुओं को निहाल किया। इसके अलावा दुर्गा दास ने वृंदावन के बांके बिहारी चि्यिां तेनो पावांगें भजन पेश किया। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ने बताया कि भारी बारिश के बीच भी अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त कर भंडारा ग्रहण किया।

राजशाही के दिन गए, प्रदेश में सुख की सरकार: लाल सिंह

सुभाग सचदेवा

गोहरः प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक घटना क्रम पर मचे बवाल के बीच रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह बासा में नाचन विधानसभा क्षेत्र से पुर्व प्रत्याशी रहे लाल सिंह कौशल ने सीधे तौर पे पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह परिवार को आड़े हाथों लिया। कांग्रेस पार्टी के महा सचिव लाल सिंह कौशल ने कहा कि अब राजशाही के दिन लद चुके हैं। अब हिमाचल सरकार की बागडोर आम परिवार से निकले शख्स सुखविंदर सिंह सुक्खू के हाथों में है। बासा में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एक योद्धा

के रूप में उभर कर आम जनमानस की सेवा में दिन रात डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीस साल की कठिन तपस्या के बाद सत्ता के शिखर तक पहुंचे सुखविंदर सिंह सुक्खू मौजूदा सियासी संग्राम में योद्धा बनकर उभरे हैं। अपनों की दगाबाजी से राज्यसभा सीट गंवाने के बाद सूचना तंत्र की नाकामी को बेझिझक स्वीकारना, ऐसा एक साहसी योद्धा ही कर सकता है। खराब माली हालत, प्राकृतिक आपदा से त्रस्त प्रदेश को उबारने में डटे मुख्यमंत्री के पीछे कुछ ताकतें उनके खिलाफ साजिश रचते रहे। अवसर की ताक में बैठे इन षड ?ंत्रकारियों ने राज्यसभा चुनाव में घिनौनी राजनीति कर अपनी घटिया सोच से पार्टी की साख को दाव पर लगाया है। उन्होंने कहा संस्कृत में ट्वीट करने वाले विधायक ने भाजपा की शह पर बड़सर और गगरेट के पंडितों को बरगलाया। दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से राणा, भुट्टो लाहौल स्पीति के विधायक भी साजिश में शामिल हो गये। लाल सिंह कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली को देखते हुए राज्य की विश्व बैंक, आम जनता समेत देश की सबसे बड़ी एजेंसियां भी उनकी कायल हुई है। देश के अन्य राज्यों के नेताओं की तुलना में उनके कद का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। लेकिन आज प्रदेश में वर्तमान मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को देखते हुए सरकार को भाजपा नहीं बल्कि अपनी ही पार्टी के नेता खतरा पैदा कर रहे हैं। कौशल ने कहा कि प्रदेश की मौजुदा राजनीतिक घटना क्रम से राज्य की आम जनता बड़ी आहत हुई है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उठाए गए कड़े कदमों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी के उन छह बागी विधायकों ने प्रदेश सरकार की गिरने और अस्थिर करने की नाकाम कोशिश की है। उनके खिलाफ अध्यक्ष द्वारा की गई कार्रवाई के निर्णय से आम लोगों ने बड़ी राहत की सांस ली है। उसका जीता जागता उदाहरण यह है कि आज वह बागी विधायक उन्हीं के विधानसभा क्षेत्रों की जनता के विरोध का सामना करने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। इस अवसर पर सिद्धू राम भारद्वाज, चिंत राम डोगरा, नानक चंद, हेम सिंह सैनी, लुदरमणी, घनश्याम, जय चंद शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राकेश कालिया के समर्थन में उतरे गगरेट के कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि

कहा, अधिकांश बूथ कमेटियां पूर्व विधायक राकेश कालिया के पक्ष में

राजन पुरी

ऊनाः प्रदेश में घटे ताजा सियासी घटनाक्रम के चलते अयोग्य घोषित किए गए विधायक चैतन्य शर्मा की खाली हुई गगरेट विधानसभा सीट में जहां राजनीति इस समय पूरे चरम पर है। कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा के कृत्य से आहत होकर उनका खुल कर विरोध कर रहे हैं और उनके पुतले तक जला रहे हैं। पूर्व में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तथा कांग्रेस के तीन बार के विधायक रहे राकेश कालिया के समर्थन में नारेबाजी कर हाई कमान से राकेश कालिया की घर वापसी की गुहार लगा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के चुने हुए जन प्रतिनिधि भी अब खुलकर राकेश कालिया के समर्थन में आ गए हैं। रविवार को घनारी में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में ब्लॉक विकास समिति गगरेट के सदस्य तथा पूर्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कांग्रेस अध्यक्षता के दौरान सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक रहे अनिल डडवाल ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, मैं पुरी जिम्मेवारी तथा विवेक से कांग्रेस आलाकमान, प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से करबद्ध अपील करता हूं कि संकट के इस समय में कांग्रेस पार्टी के हित को सर्वोपरि रखते हुए गगरेट कांग्रेस के हमारे जैसे जमीन से जुड़े आम कार्यकताओं के निवेदन को सुना जाए तथा लोक सभा चुनाव के इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं तीन बार के विधायक राकेश कालिया सहित गगरेट के अन्य सभी रूष्ट कांग्रेसी नेताओं को पार्टी में शामिल करने की पार्टी की ओर से पहल की जाए। डडवाल ने कहा कि गगरेट क्षेत्र की अधिकांश कांग्रेस बूथ कमेटियां राकेश कालिया के पक्ष में हैं, क्योंकि राकेश कालिया एक ईमानदार, स्वच्छ छवि और एक निडर नेता हैं, जिनका गगरेट और चिंतपुरनी विस क्षेत्रों में व्यापक जनाधार है। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम पंचायत अंबोटा के पूर्व प्रधान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी ठाकुर चमेल सिंह भी मौजूद रहे।

मिनर्वा स्कूल में दाखिले के लिए 24 व 31 मार्च को प्रवेश प्रकिया: परवेश चंदेल

1 से 8 अपैल तक चलेंगे स्कूल में दाखिले, 8 से कक्षाएं शुरू

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अव्वल रहने वाले मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। नए सत्र में 24 व 31 मार्च, 2024 को दाखिले के लिए स्कूल में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें दूसरी कक्षा से लेकर जमा दो की कक्षाओं के लिए एंट्रेंस टेस्ट होगा। मिनर्वा स्कूल में दाखिला परीक्षा में मैरिट के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। स्कूल के प्रिंसीपल परवेश चंदेल ने बताया कि वार्षिक परीक्षाओं के बाद बच्चों के दाखिले शुरू होने जा रहे हैं। स्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश परीक्षा को दो चरणों में बांटा गया है। स्कूल में दाखिले के लिए पहले चरण की परीक्षा का आयोजन 24 मार्च को किया जाएगा। जबकि दूसरे चरण की परीक्षा 31 मार्च को होगी। उन्होंने बताया कि जो भी बच्चे इस परीक्षा में भाग लेगें उन्हीं बच्चों को मेरिट के आधार पर स्कूल में दाखिला मिलेगा। परवेश चंदेल ने बताया कि दूसरी कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 25 अंकों की होगी। जबकि छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के बच्चों की परीक्षा 35 अंकों की रहेगी। इसके अलावा जमा एक की परीक्षा में 60 अंकों तथा जमा दो की परीक्षा में 45 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। एंट्रेंस टेस्ट में मैथ, साइंस, हिंदी व अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। जबकि जमा दो कक्षा के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री तथा मैथ व बायो में किसी एक विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

अप्पर अरनियाला में सट्टा लगाते एक काबू

राजन पुरी

ऊनाः सदर थाना के तहत अप्पर अरनियाला में पुलिस ने सट्टा लगाते हुए एक व्यक्ति को काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस शनिवार रात्रि अप्पर अरनियाला में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने अजुवर्धन निवासी पुल बाला बाजार ऊना से पर्ची दडा सट्टा व 1510 रुपये की नगदी बरामद की। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अजुवर्धन के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

47,333 बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

सीएमओ डा. वर्मा ने आईएसबीटी में शुरू किया अभियान

राजन पुरी

ऊनाः रविवार को नेशनल ईमुनाइजेशन-डे के अवसर पर 0 से 5 वर्ष तक के 47,333 बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए बूथों के माध्यम से पोलियो की दवा पिलाई गई। बच्चों को सुबह 8 से सांय 4 बजे तक पोलियो की दवाई पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब ग्रेटर ऊना के संयुक्त तत्वाधान में आईएसबीटी में इसी उद्देश्य से बूथ की स्थापना की गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव कुमार वर्मा ने विशेष रूप से पहुंचकर पल्स पोलियो प्रतिरक्षण दवा पिलाने के अभियान का शुभारंभ किया। सीएमओ डा. वर्मा ने बताया कि जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 718 टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि पोलियो की दवाई पिलाने के लिए 359 पोलियो बूथ व 14 ट्रांजिट प्वाइंट स्थापित किए हैं।

अभियान

8 ग्रामीण क्षेत्रों में 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 718 टीमें गठित की गई हैं

इसके अलावा 231 मोबाईल टीमों के माध्यम से जिला के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके अलावा यदि कोई बच्चा किसी कारणवश पोलियो की दवाई पिलाने से वंचित रहता है तो उन बच्चों को 4 व 5 मार्च को फॉलोअप राउंड में घर-घर दवाई पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के तहत जिला में स्लम ऐरिया, कंस्ट्रक्शन साईट व ईट भट्टों पर कार्य करने वाले मजदूरों के 0 से 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को मोबाईल टीमों के माध्यम से पोलिया की खुराक दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

पीआरटीसी बस की टक्कर से वृद्ध घायल, पीजीआई रेफर

राजन पुरी

ऊनाः मैहतपुर चौक पर सडक कॉस कर रहे 85 वर्षीय वृद्ध को पीआरटीसी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार को रतन जोत पुत्र योगराज वार्ड नंबर बसदेहड़ा मैहतपुर चौक पर सडक कॉस कर रहा था। इसी दौरान पीआरटीसी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल रतन जोत को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लाया गया, जहां से गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

पीएनबी बैंक के सेवानिवृत मैनेजर से 98 हजार की आनलाइन ठगी

राजन पुरी

ऊनाः पुलिस थाना मैहतपुर के तहत भटोली निवासी पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत मैनेजर आनलाइन ठगी का शिकार हुआ हैं। सेवानिवृत मैनेजर द्वारा ओटीपी शेयर करने के उपरांत बैंक अकाऊंट से 98 हजार रुपये से डेबिट हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी और दमन एंड द्वीप के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी मिली जानकारी के अनुसार निवासी अशोक कुमार निवासी वार्ड नंबर एक मोरवड, भटोली से पुलिस को आनलाइन ठगी होने की शिकायत दी है। शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि मोबाइल पर आए लिंक को ओपन करने पर ओटीपी मांगा गया था। ओटीपी शेयर करने के उपरांत बैंक अकाऊंट से 98,025 रुपये की डेबिट हो गए। पुलिस ने जांच पड़ताल में पाया कि कि जिस अशोक कुमार के पैसे दमन एंड द्वीप के दीपक कुमार के खाते में ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की, जिसमें दमन एंड द्वीप के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने आम जनता से ऑनलाइन ठगी से बचने की अपील की है। साथ ही किसी को भी ओटीपी शेयर न करने की बात कही है।

अमरेड़ा में न्यूरोथैरेपी केंद्र का हुआ उद्घाटन

राजन पुरी

ऊनाः उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत मलांगड के अमरेडा में रविवार को न्यूरोथैरेपी केंद्र शुरू हुआ। इसका उदघाटन पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने किया। उन्होंने ने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में विभिन्न पद्धतियों द्वारा रोगों का इलाज किया जा रहा है। न्यूरोथेरेपी एक ऐसी पद्धति का नाम है, जो बिना दवा के रोगियों को स्वास्थ्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने के साथ उनके लिए वरदान साबित हो रही है। न्यूरोथेरेपी विशेषज्ञ डा.मोहिंदर पाल ने बताया कि इस पद्धति से सर्वाइकल, कमर दर्द, शूगर, मंद बुद्धि बच्चों का इलाज, दमा, अस्थमा, अधरंग, कद को बढ़ाना, माईग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर, मानसिक रोग, जोड़ों का दर्द तथा दांतों के रोगों के साथ साथ पेट की अन्य बीमारियों का भी इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति द्वारा बिना दवा के रोगों का इलाज किया जाता है। इस मौके पर पर मलांगड़ पंचायत के पूर्व प्रधान राजिंद्र कुमार, देवेंद्र शर्मा, चरण दास, गुरप्यार सिंह, मनसा राम, गुरदेव सिंह, राज कुमार, किशन चंद, विजय फौजी सहित अन्य उपस्थित रहे।

थानाकलां फीडर के अधीन वाले गांव में 5 को बिजली बंद

राजन पुरी

ऊनाः उपमंडल बंगाणा के थानाकलां फीडर के रख रखाव के लिए 5 मार्च को विद्युत सप्लाई सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. उदित सिंह ने दी। उन्होनें बताया कि मंगलवार को फीडर के अधीन आने वाले गांव अप्पर नायली, मुच्छाली, मिनी सचिवालय, हिमुडा कलोनी, नलवाड़ी, सलोह सहित अन्य गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम साफ न होने की स्थिति में काम अगले दिन किया जाएगा।

अनुराग की स्वास्थ्य योजना का जनता को मिल रहा लाभ: लक्खी

राजन पुरी

ऊनाः हरोली भाजपा प्रवक्ता लखबीर सिंह लक्खी ने रविवार को जारी ब्यान में कहा है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी सोच के चलते जनता के हितों में जन कल्याणकारी नीतियों को आगे बढ़ा रहे है । उन्होंने बताया कि सांसद स्वास्थ्य मोबाइल वैन के माध्यम से रोजाना हजारों लोगों का स्वास्थ्य उनके घर द्वार पर ही जांचा जा रहा है व उनको निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है। लक्खी ने कहा कि यह प्रयास केंद्रीय मंत्री की जनता के प्रति सोच को दशार्ता है कि अनुराग ठाकुर किस तरह से आम जन मानस के स्वास्थ्य के प्रति चिंता ही नहीं करते, बल्कि उनके लिए काम भी करते है। उन्होंने कहा कि आम जनता को घर द्वार पर मिल रहा यह लाभ बहुत बड़ा है जिसमे डॉक्टरों की निगरानी में उनके टेस्ट किये जाते है व रोपोर्ट के अनुसार उनका उपचार भी घर द्वार पर ही किया जाता है। पूरे संसदीय क्षेत्र के साथ साथ हरोली विधानसभा में भी रोजाना सांसद स्वास्थ्य सेवा के गाड़ी घूमकर कैंप लगाती है व उपचार भी करती है, जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को हो रहा है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की इसी सोच के चलते जनता भी उनके साथ है व आगामी लोकसभा चुनावों में जनता फिरसे अनुराग ठाकुर को संसद पहुंचाएगी, जिससे वह पहले से भी ज्यादा बड़े स्तर पर लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए है व बहुत बड़े प्रोजेक्टों को अपने क्षेत्र में स्थापित करवाया है तथा आने वाले समय मे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हो, इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार से बल्क ड्रग पार्क जैसा प्रोजेक्ट हिमाचल के हरोली को दिलवाया है, जिससे ऊना जिला की बेरोजगारी खत्म होगी। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर एक परिश्रमी नेता है, जो हर समय अपने क्षेत्र को आगे ले जाने व जनता के जुड़े हितों को निरंतर आगे बढ़ा रहे है, जिसका लाभ क्षेत्र की जनता को हो रहा है।

जांच

8 मोबाइल वैन के माध्यम से रोजाना हजारों लोगों का स्वास्थ्य उनके घर द्वार पर ही जांचा जा रहा है

गुगा जाहिर वीर मंदिर में कथा 8 से

राजन पुरी

ऊनाः उपमंडल बंगाणा के नायली स्थित गुगा जाहिर वीर मंदिर में 8 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मंदिर पुजारी राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताय कि कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत कथा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च तक प्रतिदिन चलने वाली कथा का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि कथा ब्यास प्रमोद पूंज अपने प्रवचनों से भक्तों को निहाल करेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक समागम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

बिलासपुर में चुनी गई हिमाचल सीनियर वूमन हैंडबाल टीम: एनके शर्मा

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः भारतीय हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में दादर नगर हवेली में आगामी 16 से 20 मार्च तक आयोजित होने वाली 52वीं राष्ट्रीय वरिष्ठ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की वरिष्ठ महिला हैंडबॉल टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन आज राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के हैंडबॉल मैदान में किया गया। चयन प्रक्रिया में प्रदेश भर से 47 खिलाडि ?ों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया का आयोजन हैंडबॉल के वरिष्ठ प्रशिक्षक अशोक गौतम की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया गया। जिसमें सदस्यों के रूप में हमीरपुर से हैंडबॉल कोच विजय कुमार तथा बिलासपुर से वरिष्ठ हैंडबॉल खिलाड़ी रफीक अहमद मौजूद रहे। चयन समिति की बैठक के बाद टीम में भाग लेने वाले 16 खिलाडि ?ों की घोषणा आगामी 6 मार्च को की जाएगी। टीम का प्रशिक्षण शिविर सुंदरनगर

बिलासपुर में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा में बताया तारकासुर

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुरः नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंदिर न्यास के तत्वावधान में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित सुशील कुमार ने तारकासुर की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि असुर तारकासुर ने भगवान शिव की घोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे वरदान दिया कि ब्रम्हाड में कोई भी उसे मार नहीं सकेगा। उसका वध केवल महादेव के पुत्र के हाथों की हो सकेगा। यह विशेष वरदान हासिल कर तारकासुर तीनों लोकों पर अत्याचार करने लगा। उससे सभी देव और मनुष्य भयभीत हो गए। असुर तारकासुर को भगवान शिव से वरदान प्राप्त था कि उसे शिव पुत्र के अलावा कोई दूसरा नहीं मार सकता था, माता सती के आत्मदाह के बाद से शिव जी वैरागी होकर समाधि में लीन थे, इधर सभी देवता गण तारकासुर के अत्याचार से पीड़ित हो गए थे, वे ब्रह्मा जी के पास मदद के लिए गए, लेकिन उनसे कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने इतना ही बताया कि तारकासुर का वध केवल शिव पुत्र के हाथों ही हो सकता है। अब समस्या यह थी कि वैरागी भगवान शिव को गृहस्थ कैसे बनाया जाए ताकि उनका माता पार्वती से विवाह हो और शिव पुत्र जन्म ले। कामदेव ने प्रयास किया तो वे शिव जी के क्रोध का कोपभाजन बने, उधर माता पार्वती भगवान शिव को पति स्वरुप में पाने के लिए कठोर तप कर रही थी, अंततः भगवान शिव उनसे प्रसन्न हुए और दोनों का विवाह हुआ। पंडित सुशील कुमार ने बताया कि दोनों के योग से कुमार कार्तिकेय का जन्म हुआ। कहा जाता है कि कार्तिकेय का जन्म षष्ठी तिथि को हुआ था और उनका एक नाम स्कंद भी है। इस वजह से हर मास की षष्ठी तिथि को स्कंद षष्ठी का व्रत रखा जाता है।

ऊना कॉलेज में 519 ने दी एनसीसी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा

राजन पुरी

ऊनाः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऊना में रविवार को एनसीसी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में जिला चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर व ऊना के कुल 519 कैडेट्स उपस्थित रहे। यह परीक्षा एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर शिमला से विशेष रूप से उपस्थित डिप्टी कमांडर एके बैंस द्वारा दिए गए विशेष दिशा निदेर्शों द्वारा आयोजित की गई। छठी हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी ऊना के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैणी ने बताया कि एनसीसी में ए, बी और सी तीन प्रकार के प्रमाण पत्र कैडेट्स को दिए जाते हैं। ए प्रमाण पत्र जूनियर डिवीजन व बी और सी प्रमाण पत्र सीनियर डिवीजन के कैडेट्स को दिए जाते हैं। इन प्रमाण पत्रों को प्राप्त कर कैडेट्स भारतीय सेना, भारतीय प्रशासनिक सेवाओं व अन्य सेवाओं में अधिमान पाते हैं।

झूठे मुकदमे वापिस न लिए, तो पूरे प्रदेश में जलाए जाएंगे डीएसपी का पुतले: विशाल

राजन पुरी

ऊनाः एबीवीपी ऊना इकाई के अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने कहा कि डीएसपी अजय ठाकुर पर राजनैतिक दबाव के चलते एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाया। रविवार को जारी ब्यान में कहा कि डीएसपी ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं पर की गई एफआईआर को वापिस नहीं ली, तो आने वाले समय में न सिर्फ जिला ऊना, बल्कि पूरे प्रदेश में डीएसपी अजय ठाकुर के पुतले जलाए जायेंगे व उन्हें परिषद के कड़े विरोध का सामना पूरे प्रदेश में करना पड़ेगा। विशाल ठाकुर ने बताया कि एक तरफ डीएसपी अजय ठाकुर खुद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ बहन बेटियों के साथ हो रहे ब्लात्कार की घटनाओं पर विरोध दर्ज करवाने पर झूठे मुकदमे दायर कर देते हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस व एनएसयूआई के लोगों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को घंटों जाम कर पुतले जलाए गए, तो उन पर कार्यवाही न कर डीएसपी अजय ठाकुर कौन सा कर्ज उतार रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने झूठी एफआईआर पर कानूनी सलाह भी ली है। एफआईआर में शामिल झूठे तथ्यों का सबूतों को वीडियो सहित जल्द पदार्फाश करेगी, जिससे डीएसपी अजय ठाकुर व एफआईआर में झूठे तथ्य देने वाले पुलिस के जवानों पर भी कोर्ट जाएगी।

दीकांक्षा ने जीता मिस फेयरवेल का खिताब

राजन पुरी

ऊनाः पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में चलाए जा रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के 27वें दिन रविवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें की प्रतिभागियों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल का खिताब दीकांक्षा ने जीता तथा मिस स्माइल अमीषा तथा मिस पर्सनालिटी का पुरस्कार स्वीटी को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज ने बताया गया कि प्रशिक्षण में 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण के लिए होशियारपुर से प्रशिक्षक रणजीत कौर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त बंगाणा ब्लॉक में नरम खिलौने बनाने का प्रशिक्षण 4 मार्च से शुरू किया जा रहा है।

सिविल सर्जन ने की नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत

टीम एक्शन इंडिया

करनाल। नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत रविवार को स्थानीय सेवा समिति में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी, रोटरी क्लब करनाल के सभी पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद थे। सिविल सर्जन करनाल द्वारा रोटरी द्वारा किये गये कार्यों की सहराना भी की गई। इसके अलावा उप सिविल सर्जन (प्रतिरक्षण) डा. नीलम वर्मा द्वारा कुं जपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप अबरोल भी मौजूद रहे।

सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में 3 मार्च से 5 मार्च तक नैशनल पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला करनाल में 0 से 5 साल तक के 173308 बच्चों को दवाई पिलाने के लिए 838 बूथ स्तरीय टीमें (631 चार सदस्यीय व 207 दो सदस्यीय) और 1469 हाउस टू हाउस टीमे बनाई गई हैं, जिनकी निगरानी 157 सुपरवाईजर द्वारा की जाएगी। करनाल जिले में कुल 65 मोबाईल टीमों, जिसमें 35 ट्रांजिट टीमे तथा कुल 3294 कर्मचारी व अधिकारी इस कार्य में भाग लेंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में जनवरी 2010 से कोई पोलियो केस नहीं हुआ है और भारतवर्ष में जनवरी 2011 से पोलियो का कोई केस नही मिला है। इसलिए भारत वर्ष 11 फरवरी

दो बंदू जिंदगी

8 स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी, रोटरी क्लब करनाल के सभी पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद थे

2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है। परन्तु भारत के पडोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के केस मिल रहे हैं, जिसकी वजह से भारत में पोलियो केस का खतरा बना रहता है। जिसकी वजह से पोलियो उन्मूलन अभियान भारत में बार बार चलाया जा रहा है। भारत में कोई भी पोलियो केस ना हो इसलिए भारत से बाहर जाने वाले व भारत में आने वाले व्यक्ति को पहले पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि अबकी बार जिले के हाई रिस्क एरिया जैसा कि भट्टे, डेरे, फैक्टरियां , राईस मिल्स, सल्म एरिया, नोमेडस (झुग्गी झोपड़ी) में रह रहे बच्चों को पोलियो की बून्दें पिलाने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा, क्योकि ऐसी जगह पर माईग्रेटरी पोपुलेशन होती है जहां पर पोलियो फैलने का खतरा सबसे अधिक होता है। वर्ष 2010 में हरियाणा का तथा वर्ष 2011 में भारत वर्ष का आखिरी पोलियो केस भी माईग्रेटरी पापुलेशन का ही था। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों व बस स्टेंडस पर पोलियो बूथ बनाए गए हैं।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: कपिल किशोर गांव रंदौली में हुआ रक्तदान

शिविर

8 सरकारी स्कूल में थैलीसीमियां रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया

राजकुमार प्रिंस

करनाल। अग्रकुल सेवा संस्था एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से गांव रंदौली के सरकारी स्कूल में थैलीसीमियां रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया और 64 यूनिट रक्त इका किया गया।

शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती।

इस अवसर पर अग्रकुल सेवा संस्था के प्रधान डा.एस. के. गोयल, महासचिव पुनीत मित्तल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रमन बंसल, सीए प्रवीन मित्तल, विनोद गुप्ता, नीरज गर्ग, अनिल पाल, अनिल शर्मा, सतीश राणा, चंद्रप्रकाश, राकेश कुमार, सरपंच लालचंद, चरणजीत सिंह, संजय राणा, हरीश माणिक, वेद प्रकाश कालडा, दलबीर राणा, संजीव राणा, नरेश राणा, राकेश राणा आदि मौजूद रहे।

न्यूज फ्लैश

फसल खराब का किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा : डॉ. चौहान

राजकुमार प्रिंस

करनाल। बीज से लेकर बाजार तक अन्नदाता किसान के साथ मजबूती से खड़ी रहने वाली हरियाणा की मनोहर सरकार ओलावृष्टि से हुए नुकसान का समयबद्ध ढंग से मुआवजा देगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और आपदा राहत विभाग के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने आज राहड़ा में किसानों के साथ संवाद में यह टिप्पणी की। सरपंच प्रतिनिधि मास्टर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पहुंचे भाजपा नेता डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने आपदा प्रभावित किसानों की पीड़ा को सुना। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल आज से खोल दिया गया है। किसान अपनी फसल के हुये नुकसान की जानकारी इस पोर्टल पर अटल सेवा केंद्र के माध्यम से दर्ज करें, ताकि नियमानुसार सारी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए उन्हें मिलने वाली राहत राशि उनके खातों में डलवाई जा सके। भाजपा नेता ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकाल में फसल खराब होने पर प्रति एकड़ अधिकतम 6 हजार रुपए देने का प्रावधान था। मोदी और मनोहर सरकार बनने के बाद यह राशि बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति एकड़ की गई थी। फिलहाल हरियाणा के किसानों को ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा के समय 100 प्रतिशत खराबी पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए देने की व्यवस्था सरकार ने की हुई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने किसानों को बताया कि जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा करवाया हुआ है, उन्हें ओलावृष्टि होने के 72 घंटे के भीतर कृषि विभाग के संबंधित कार्यालय में अपने नुकसान की लिखित जानकारी देनी होगी।

युवती को शादी का झांसा देकर फौजी ढाई साल तक बनाता रहा संबंध, केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

सिरसा: सिरसा में हिसार रोड स्थित गेस्ट हाउस में सेना के एक जवान ने युवती के साथ रेप किया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रविवार को पीड़ित युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।पीड़ित युवती रानियां पुलिस थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस को दिए बयान में 25 वर्षीय युवती ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर पंजाब के गांव खैरां कलां जिला मानसा निवासी कुलविंदर सिंह से हुई थी। कुलविंदर सिंह सेना में फौजी है। पीड़िता का कहना है कि 8 जुलाई 2021 को कुलविंदर सिंह ने उसे सिरसा बस स्टैंड के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में मिलने के लिए बुलाया। पुलिस के अनुसार, जब युवती गेस्ट हाउस पहुंची तो आरोपी कुलविंदर ने जबरन उसके साथ रेप किया। बाद में कुलविंदर ने युवती से भरोसा दिलाया कि वह उसके साथ शादी करेगा। पीड़िता का कहना है कि कुलविंदर ने उससे शादी करने का वादा किया तो उसने घरवालों को इस बारे में कुछ नहीं बताया। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद शादी करने का झांसा देकर कुलविंदर ढाई साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा।

काछवा के श्री कृष मंदिर में शिव महापुरा ण कथा शुरू निकाली भव्य कलश यात्रा

भव्य यात्रा

8 इस कलश यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। श्री कृष्णा मंदिर से प्रारंभ हुई

राजकुमार प्रिंस

करनाल। श्री कृष्ण मंदिर काछवा में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर आज गांव में कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। यह शोभायात्रा गांव के श्री कृष्णा मंदिर से प्रारंभ हुई, जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर

पहुंची। प्रधान सुरेंद्र भाटिया ने बताया कि गांव के श्री कृष्ण मंदिर में शिव महापुराण कथा आज से प्रारंभ हो चुकी है, जो 7 मार्च तक चलेगी। कथाव्यास साध्वी प्रवीणा भारती जी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगी। आज कथा व्यास साध्वी प्रवीणा भारती ने कहा कि जीवन का उद्देश्य ईश्वर की प्राप्ति होना चाहिए। भगवान शिव की आराधना और शिवलिंग पर शहद का अभिषेक करने से व्यक्ति के पाप का नाश होता है। उन्होंने इस दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का महत्व बताया। शिव महापुराण कथा में मुख्य यजमान के रूप में प्रवीण नागपाल अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे और पूजा अर्चना की।

इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये ठगे

टीम एक्शन इंडिया

जींद: एक व्यक्ति को इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये की ठगी कर ली गई। जुलाना थाना पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लिजवाना कलां निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंग्लैंड जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उसने चीका में विगस स्टडी अबरोड सेंटर चलाने वाले कैथल निवासी जगदीप को इंग्लैंड भेजने के लिए फाइल दी थी। जिसके लिए उसने साढ़े सात लाख रुपये जगदीप को दिए थे। एक साल बीत जाने के बाद भी उसकी फाइल नही लगाई। जिस पर उसने जगदीप से कागजात तथा रुपये वापस मांगे। जिस

फर्जीवाड़ा

8 पुलिस ने ललित की शिकायत पर जगदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है

पर उसने दो चेक दिए। जिनको लगाए जाने पर वे बाउंस हो गए। जब जगदीप के फोन पर संपर्क करना चाहा तो फोन स्विच ऑफ आया। जब वह उसके कार्यालय पर पहुंचा तो उस पर भी ताला लगा मिला। जुलाना थाना के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने ललित की शिकायत पर जगदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मनोहर और मोदी का संदेश लेकर निसिंग पहुंचे सुभाष चंद्र

राजकुमार प्रिंस

करनाल। मिशन 2024 के तहत 400 लोकसभा सीटों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेवल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 10 में से 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई है। इसी कड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं करनाल लोकसभा के नवनियुक्त विशेष संपर्क अभियान प्रमुख सुभाष चंद्र ने रविवार को निसिंग से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। आज यहां पहुंचने पर सबसे पहले सुभाष चंद्र का समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने उनका लोकसभा विशेष संपर्क

प्रमुख बनाए जाने पर जोरदार स्वागत किया और मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सबको राम राम कहते हुए सुभाष चंद्र ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश लेकर

मंथन

8 भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेवल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है

घर-घर जाएंगे। जन सम्पर्क अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश के 45 लाख लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार की मुफ्त राशन योजना, उज्ज्वला योजना से महिलाएं और गरीब आदमी सशक्त हुआ है।

सुभाष चंद्र ने कहा कि आज प्रदेश के 36 बिरादरी के लोगों को किसी न किसी रूप में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं, जिससे उन्हें पिछली सरकारों के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है।

भाजपा से गठबंधन पर दिल्ली में चर्चा करेगी जेजेपी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच महानुभावों को भारत रत्न से सम्मानित किया है। चौधरी काशीराम और चौधरी देवीलाल को भी भविष्य में भारत रत्न से नवाजा जाए, इसके लिए केंद्र सरकार को एक मांग पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव में भाजपा से गठबंधन पर फैसला करने के लिए जननायक जनता पार्टी ने पहल शुरू कर दी है। करनाल में पार्टी की मीटिंग में इस पर चर्चा के साथ ही एक कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया। ये कमेटी ही अब दिल्ली जाकर भाजपा आलाकमान के साथ बातचीत करेगी। जजपा ने बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर अलग अलग चार कमेटियों का भी गठन किया। ये कमेटी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन और प्रचार के लिए काम करेंगी। चुनाव को लेकर सभी जिलाध्यक्षों को एक हफ्ते में सदस्यता लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग के बाद डिप्टी सीएम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए से चर्चा करने के लिए 5 मेंबरी कमेटी डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने बनाई है, जो एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट पीएसी को देगी, पीएसी इस पर अंतिम निर्णय लेगी। हरियाणा में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने फिलहाल जजपा के साथ शीट शेयरिंग को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

दुकान से सामान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

करनाल। थाना घरौंडा की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर दुकान फाडकर सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय उर्फ छोटा उर्फ काना पुत्र सुभाष वासी जिला मुजफ्फरनगर हाल हरी सिंह कॉलोनी नूरवाला पानीपत और दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र रमेश कुमार वासी बरोदा सोनीपत हाल हरिसिंह कॉलोनी नुरवाला पानीपत को पानीपत से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता रामदास वासी कोहंड की बंटी कम्युनिकेशन नाम

की दुकान से 26 अप्रैल 2023 की रात को चोरी हुआ सामान इन्वर्टर, बैटरी और मोबाइल एक्सेसरीज आदि बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिन्होंने पैसे

सफलता

8 इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था

और नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी दीपक के खिलाफ रोहतक जिला में चोरी के तहत पांच मुकदमें दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुका है।

अफीम उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

करनाल। सीआईए टू की टीम ने अफीम उपलब्ध कराने वाले आरोपी दीपक कुमार पुत्र राजेंद्र वासी नेवरी कर्मा, हजारीबाग झारखंड को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी दीपक को न्यायालय में पेश कर आठ दिन का रिमांड हासिल किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपी दीपक पिछले लंबे समय से अफीम सप्लाई करने का काम करता है, जिसके खिलाफ पहले भी लखनऊ उत्तर प्रदेश में अफीम सप्लाई करने के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके आठ दिन का रिमांड

हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और अफीम सप्लाई की इस कड़ी में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जाएगा। इस मामले में पहले ही 25 फरवरी को आरोपी प्रवीण कुमार पुत्र देशराज वासी बाबा रामदेव कॉलोनी नई सब्जी मंडी करनाल को रतनगढ़ मोड से स्कूटी एचआर05बीएच-6521 के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 40 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी प्रवीण के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी से पूछताछ में पाया गया था कि आरोपी प्रवीण आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी करनाल और कैथल में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमें दर्ज हैं।

शादी समारोह में हुई युवक की हत्या, ईंट मारकर की गई हत्या

युवक पड़ोस की शादी में डीजे पर डांस कर रहा था। उसी दौरान वहां कुछ लोगों से झगड़ा हो गया, आरोपियों ने उसके हाथ पैर भी तोड़ दिए

राजकुमार प्रिंस

करनाल। बीती रात युवक की ईंट मारकर हत्या कर दी गई। युवक पड़ोस की शादी में डीजे पर डांस कर रहा था। उसी दौरान वहां कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। आरोपियों ने उसके हाथ पैर भी तोड़ दिए। घटना की सूचना के बाद मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। आज पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान अमृतपुर कलां गांव निवासी 34 वर्षीय रामपाल के रूप में हुई है। शनिवार रात वह पड़ोस में डीजे पर झूमते लोगों को देखने के लिए घर से निकला था। देर रात तक भी जब वह नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। वे

शादी वाले घर के पास गए, लेकिन उन्हें रामपाल नहीं मिला।

आसपास के एरिया में भी तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लग पाया। बाद में रामपाल का शव परिजनों को निमार्णाधीन मकान में अर्धनग्न अवस्था में मिला। रामपाल के शरीर पर गहरी चोटों के निशान थे। हाथ-पांव भी टूटे हुए थे। घटनास्थल पर संघर्ष के भी निशान मिले हैं। युवक का एक जूता निमार्णाधीन भवन के अंदर और एक जूता बाहर बरामद हुआ।

जांच जारी

8 घटना की सूचना के बाद मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया

परिजनों ने बताया कि रामपाल की टांग व बाजू तोड़ी हुई है। सिर में भी चोटें हैं। तेजधार हथियार से हमला किया गया। आरोपियों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर घसीटकर निमार्णाधीन मकान में डालकर चले गए। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। कितने लोगों ने हत्या की है, इसका कुछ पता नहीं है। मधुबन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि अमृतपुर कलां में रामपाल की डेडबॉडी मिली है। रामपाल शराब पीने का आदी है। जहां भी डीजे बजता है, वहां पर शराब पीकर डांस करता था। कल उसके पड़ोस में सुरेश सैनी के लडके की शादी थी। वहां भी रामपाल डीजे पर डांस कर रहा था। डांस के दौरान उसकी कहासुनी हो गई। इस मामले को लेकर सुरेश सैनी के परिवार से पूछताछ की जाएगी।

सेक्टर-9 में पहुंची भगवान शिव की पालकी

प्रभातफेरी

8 शहर में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरियों का दौर जारी

राजकुमार प्रिंस

करनाल। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शहर में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरियों का दौर जारी है। इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को भगवान शिव की पालकी सेक्टर-9 में पहुंची। यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पालकी का भव्य स्वागत किया।

रविवार सुबह सेक्टर-9 में ओमबीर राणा के निवास से प्रभातफेरी का आरंभ हुआ। इसके बाद गलियों का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी सेक्टर-9 में ही मगुट भाटिया के निवास स्थान पर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रभातफेरी का फूल बरसाकर स्वागत किया गया और अपने परिवार सहित भगवान शिव की आरती की आशीर्वाद लिया। ढोल की थाप पर भोलेनाथ के भजन गाए तो श्रद्धालु झूम उठे।

प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि जो भगवान शिव की शरण में आते हैं तो भगवान शिव दुख दर्द दूर कर देते हैं। उन्होंने 8 मार्च पर महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी शिव भक्तों को आमंत्रित किया।

संपादकीय

कानून और रसूखदारों का रवैया

इसमें दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहरण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है?

न्याय और गारंटी का मुकाबला

प्रेम शर्मा

> जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बहरहाल कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है। पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वो सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें

लोकसभा 2024 की उल्टी शुरूआत हो चुकी है। अगले 15 दिनों में सभी दलों के प्रत्याशियों की सूची लगभग सर्वाजनिक हो जाएगी। शनिवार के दिन भाजपा ने एक मुश्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 195 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी कर प्रत्याशी चयन में प्राथमिकता दर्ज करा दी है। चुनाव को लेकर पक्ष एवं विपक्ष के भारी जीत के दावें के बीच कही ना कही कुछ असमंजस दिख रहा है। इसके बावजूद लोगों को इस चुनाव से पूर्व 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर पर दसवी बार ध्वाजारोहण के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मैंने परिवर्तन लाने का वादा किया था. आप देशवासियों ने मुझपर भरोसा किया। मैंने आपसे किए वादे को विश्वास में बदल दिया. 2019 में परफोर्मेंस के आधार पर आपने फिर मुझे आशीर्वाद दिया। परिवर्तन ने मुझे दोबारा मौका दिया। मैं आपका हर सपना पूरा करुंगा. अगली 15 अगस्त को मैं फिर आऊंगा। पीएम ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा श्चलता-चलाता काल चक्र, अमृत काल का भाल चक्र, सबके सपने अपने सपने, पनपे सपने सारे, धीर चले वीर चले, चले युवा हमारे, नीति सही रीति नई, गति सही राह नई, चुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम। दिल्ली में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में अतिविश्वास चुनाव से छह माह पहले व्यक्त किया जाना अपने आप में कही ना कही इस बॉत का इशारा करता है कि मोदी की नजर में विपक्ष का बिखराव संजीवनी की तरह है। इसके अलावा 12 राज्यों में भाजपा की सरकार होने के साथ एनडीए के वर्तमान में 333 सांसदों का बहुमत, हालियॉ में सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में 30 सीटों को हासिल करने के साथ राज्यसभा में 117 सांसद यानि की राज्य सभा में बहुमत के आकड़े के करीब पहुच रही भाजपा 2024 में सात राज्यों सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी उत्साहित है। अभी हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है। ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार है। लोकसभा 2024 में 400 का दावे की हवा बनाने के पीछे भाजपा कई रणनीति पर कार्य कर रही है। कांग्रस को तीन राज्यों तक समेटने चुकी भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ 2024 में ही राज्यसभा में पूर्ण बहुमत की योजना पर काम कर रही है। लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफ कांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है। विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है। हालिया 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न हुए राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन से देश में जो राममय माहौल बना, भाजपा को उससे भी अपना चुनावी बेड़ा पार होने की उम्मीद है।हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सपा व कांग्रेस में हुई क्रॉस वोटिंग से भाजपा ने जिस तरह अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को जिताया है वह उसकी आक्रामक और जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने की रणनीति की ही एक बानगी है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में बिखराव और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार वापस भाजपा के साथ चले गए और उन्होंने एक ही विधानसभा में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद और कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड बना डाला है, उसने बिहार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन 2024 में भी 2019 जैसी कामयाबी हासिल करेगा। इंडिया गठबंधन को दूसरा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने दिया, जब उन्होंने अपने दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद इंडिया गठबंधन को नमस्ते करके एनडीए का दामन थाम लिया। भाजपा से दो सीटें लेकर भी जयंत खुश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भाजपा के समर्थन से वह ये दोनों सीटें बिजनौर और बागपत जीत लेंगे। जबकि सपा के साथ गठबंधन ने उन्हे सात सीटे दी थी।उधर प. बंगाल में ममता बनर्जी और जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला ने भी इंडिया गठबंधन में रहते हुए भी अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी भी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने और दिल्ली में कांग्रेस को महज एक सीटे देने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बहरहाल कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है। पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वो सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें। लेकिन जिस ढीले ढाले तरीके से विपक्षी दलों की अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी है, उससे लगता है कि जैसे वो चुनाव लड़ने की जगह भाजपा को वॉक ओवर दे रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार दौरे करते हुए शिलान्यास और उद्घाटनों की झड़ी लगा रहे हैं। हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। उनके सरकारी कार्यक्रमों में भी चुनावी प्रचार की कवायद है। इधर सबसे उत्साहित भाजपा ने अबकी बार एनडीए के लिए चार सौ पार का नारा भी दे दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, जनता में उनकी विश्वसनीयता, मोदी सरकार की उपलब्धियां, राम मंदिर की लहर और विपक्षी गठबंधन में बिखराव और निराशा से बन रही भाजपा की तीसरी लगातार विजय की अवधारणा से काफी उम्मीदे हैं। यही नही कांग्रेस खास नेता अशोक च्हवाण, मिलिंद देवरा, विभाकर शास्त्री, आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि के पाला बदलने से भी भाजपा और एनडीए को उत्साहित कर दिया है।यूं तो 1988 में पार्टी के पालनपुर अधिवेशन में राम मंदिर के मुद्दे को अपने एजेंडे में लेने का बाद हर चुनाव में यह मुद्दा भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा रहा है, लेकिन अब जबकि राम मंदिर अयोध्या में आकार ले रहा है,तब भाजपा इसका पूरा श्रेय लेते हुए इसका पूरा लाभ लेना चाहती है। वहीं भाजपा का मोदी की गारंटी का नारा वैसा ही है जैसा 2014 में अबकी बार मोदी सरकार का नारा भाजपा ने दिया था। हालांकि गारंटी को नारे के रूप में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में दिया था, लेकिन बड़ी राजनीतिक चतुराई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मोदी की गारंटी में बदल दिया और अब कांग्रेस को नया नारा गढ़ने की जरूरत पड़ी और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण का नाम भारत न्याय यात्रा रखा गया है। इसलिए स्पष्ट है कि लोकसभा चुनावों में सत्ताधारी एनडीए जहां मोदी की गारंटी के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा है तो विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने उसका मुकाबला राहुल के न्याय से करने का फैसला किया है। याद करिये कि 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में एक न्याय योजना का ऐलान किया था जिसके तहत गरीबों को साल में 72 हजार रुपए यानी प्रति माह छह हजार रुपए देने की घोषणा की गई थी। बताया जाता है कि इस न्याय योजना के शिल्पकार खुद राहुल गांधी थे जिसे उन्होंने रघुराम राजन जैसे अर्थशास्त्रियों के साथ गहन विचार विमर्श के बाद तैयार करवाया था। इसके जवाब में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सालाना छह हजार रुपए यानी पांच सौ रुपए हर महीने देने का वादा किया। चुनावों में कांग्रेस की न्याय योजना वो कमाल नहीं कर सकी जिसकी उम्मीद कांग्रेस को थी।

कविता

आसान नही है शिव होना।

प्राण तो सबको प्रिय हैं।

परंतु पृथ्वी के झुझारू रूप
से चलने हेतु, हर कल्प में
प्राण रूपी शक्ति को खुद
से पृथक करने के लिए
रुद्र होना पड़ता है।

निः स्वार्थ भक्ति से तो
कोई भी आकर्षित हो
जाता है।

परंतु प्रेम वश असुरों के
भी हो जाने के लिए
भोलेनाथ होना पड़ता है।

कमल तो किसी को भी
मोह ले ।

परंतु कंटीले फल बेल पत्र
से ही खुश हो जाने के
लिए शंभु होना पड़ता है।

शीतलता सबको प्रिय है।

परंतु किसी की शीतलता
बनी रहे, इसके लिए उसे
सर पर धारण करने के
लिए चंद्रशेखर होना पड़ता
है।

गंगा की चंचलता
सबको भाती है।

परंतु उसके धरती पर
अवतरण हेतु ,उसके वेग
को जटाओं में धारण
करने के लिए गंगाधर
होना पड़ता है !

सुंदर पशु-पक्षी सबको
प्रिय हैं।

परंतु हेय और भय के
भाव से देखे जाने वाले
सर्प को भी अपने कंठ में
स्थान देने के लिए
पशुपतिनाथ होना पड़ता
है।

पुष्प के आभूषण तो कोई
भी ग्रहण कर सकता है,

परंतु मनुष्य के जीवन
पश्चात भी उसको राख के
रूप में अपने पास रखने
के लिए महादेव होना
पड़ता है।

अमृत तो सब चाहते हैं।

परंतु दूसरों के अमृत हेतु,
खुद विषपान करने के
लिए नीलकंठ होना पड़ता
है।

मेधावी महेंद्र

बंगाल पर दहाड़,मणिपुर पर खामोशी ?

तनवीर जाफरी

लोकसभा के आम चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनेताओं ने चुनावी सभायें,रैलियां व रोड शो करने शुरू कर दिये हैं। साम्प्रदायिक व जातीय ध्रुवीकरण,लोभ-लालच,सुनहरे सपने दिखाने,धार्मिक भावनायें भड़काने, विपक्षी नेताओं को अपमानित करने उन्हें डराने धमकाने व खरीदने का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल जहां हर सूरत में स्वयं को सत्ता में बनाये रखना चाहता है वहीँ विपक्ष, सत्ता हासिल करने के लिये कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी बिगुल फूंकने के बाद पिछले दिनों बंगाल राज्य का दौरा किया। उन्होंने यहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां जनसभा की और जैसी कि उम्मीद थी उन्होंने संदेशखाली हिंसा के मामले पर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने यहां तक कहा कि संदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए। खबरों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर आरोप है कि उसने संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार किये और आदिवासियों की जमीनें हड़प लीं। यदि यह आरोप सही है तो निश्चित रूप से आरोपी किसी भी दल या समुदाय का क्यों न हो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये और कानून के मुताबिक उसे सजा जरूर मिलनी चाहिये। फिलहाल आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ़्तार भी किया जा चुका है और तृणमूल कांग्रेस से उसे छः वर्षों के लिये निष्कासित भी किया जा चुका है। परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि - आज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है ? कुछ लोगों के वोट से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ था। उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने क ठ. ऊ क अ. पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि - इंडी गठबंधन के बड़े-बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं? मोदी ने कांग्रेस और क ठ. ऊ क अ गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं।

विचार

विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का उभरता सवाल ?

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं।हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है। विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

जीवन में आशाओं के अनंत आकाश

संजीव

जिंदगी का केनवास जन्म से लेकर क1 तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है।

और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं।

शिव-शक्ति मिलन का महापर्व महाशिवरात्रि

डॉ० घनश्याम बादल

देवों में देवाधिदेव महादेव कहे जाने वाले शिव एवं शक्ति के महा मिलन के पर्व को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है विविधताओं से भरे इस देश में अलग-अलग क्षेत्र में महाशिवरात्रि को भी अलग-अलग तरीकों व मान्यताओं के साथ मनाया जाता है। गृहस्थों के लिए महाशिवरात्रि शिव के विवाह का दिन है तो तपस्वियों और साधकों के लिए शिव के शांत होने का दिन है । हर कोई आज के दिन शिव को मनाने एवं समझने का प्रयास करता है कोई व्रत रखकर तो कोई महामृत्युंजय का जाप करके और आस्तिक भक्ति कोशिश करते हैं शिव को समझने की। देखें आखिर शिव है क्या?

क्या है शिव ? : शिव शब्द का अर्थ है- जो नहीं है। जो नहीं है से आशय है, जिसका अस्तित्व ही नहीं है। जिसका अस्तित्व ही नहीं है का आशय है- रिक्तता, शून्यता और सृष्टि का असल सार तत्व रिक्तता या कुछ न होने में ही है। इसी के गर्भ से ही सृष्टि का जन्म होता है। इस ब्रम्हांड के 99 फीसदी हिस्से में यही रिक्तता छाई हुई है, जिसे हम शिव के नाम से जानते हैं। कैसे मिला शिव को नाम?

शैव मानते हैं कि भगवान शिव का जन्म नहीं हुआ, वे स्वयंभू हैं। लेकिन पुराणों में उनकी उत्पत्ति का विवरण भी मिलता है। विष्णु पुराण के अनुसार शिव भगवान विष्णु के माथे के तेज से उत्पन्न हुए । विष्णु पुराण के अनुसार माथे के तेज से उत्पन्न होने के कारण शिव हमेशा योगमुद्रा में रहते हैं। श्रीमद् भागवत के अनुसार एक बार जब भगवान विष्णु और ब्रह्मा अहंकार से अभिभूत हो स्वयं को श्रेष्ठ बताते हुए लड़ रहे थे तब एक जलते हुए खंभे से भगवान शिव प्रकट हुए। विष्णु पुराण में वर्णित शिव के जन्म की कहानी शायद भगवान शिव का एकमात्र बाल रूप वर्णन है। इसके अनुसार ब्रह्मा को एक बच्चे की जरूरत थी। उन्होंने इसके लिए तपस्या की।

तब अचानक उनकी गोद में रोते हुए बालक शिव प्रकट हुए। ब्रह्मा ने बच्चे से रोने का कारण पूछा तो उसने बड़ी मासूमियत से जवाब दिया कि उसका कोई नाम नहीं है इसलिए वह रो रहा है। तब ब्रह्मा ने शिव का नाम रूद्र रखा जिसका अर्थ होता है रोने वाला। शिव तब भी चुप नहीं हुए।

मेकअप धुलेगा नहीं, खिलेगा!

■ मेकअप सुन्दर और टिकाऊ होने के लिए सबसे पहले त्वचा का स्वस्थ और सुन्दर होना सबसे आवश्यक है। बरसात के मौसम में वातावरण में मौजूद नमी के कारण रोमछिद्र ब्लॉक हो जाते हैं।

इसलिए आप सुबह अपनी त्वचा को स्क्रब कर लीजिए। रात को सोने के पहले चेहरे को फेस वॉश से क्लीन कर लीजिए। इससे त्वचा साफ और सुकोमल रहेगी।

■ बरसात के दिनों में मेकअप टिकाऊ रहे इसके लिए वॉटर प्रूफ पैन स्टिक, और वॉटर प्रूफ पैन-केक का इस्तेमाल आप बेस बनाने के लिए कर सकती हैं। पार्टी में जाते समय आप चाहें तो केवल टू-वे केक का इस्तेमाल भी बेस के लिए कर सकती हैं। इससे भी मेकअप काफी देर तक टिका रहता है।

■ आंखों को बड़ा और सुन्दर दिखने के लिए आई लाइनर लगाते समय ध्यान रखना चाहिए कि लाइनर वॉटरप्रूफ हो ताकि बूंदा-बांदी पड़ने पर फैले नहीं। अगर आप रोज-रोज लाइनर नहीं लगाना चाहती हैं तो आप पर्मानेंट आई लाइनर भी लगवा सकती हैं। इससे आंखें हर समय और हर मौसम में सुन्दर दिखती हैं।

■ आजकल कजरारे नैनों का फैशन है, लेकिन बरसात के दिनों में पानी से काजल फैलने की संभावना बनी रहती है इसलिए इस मौसम में वॉटरप्रूफ आई लाइनर का इस्तेमाल आप चाहें तो काजल की जगह कर सकती हैं। अच्छा रहेगा कि आप आंखों में पर्मानेंट काजल करवालें इससे काजल फैलने का डर भी नहीं रहेगा और आंखें हर पल कजरारी नजर आएंगी।

■ पलकें ज्यादा काली, घनी और सुन्दर दिखे इसके लिए आप इस मौसम में वॉटरप्रूफ मस्कारा का प्रयोग करें तो अच्छा रहेगा। आप किसी अच्छे कॉस्मेटिक क्लीनिक से पर्मानेंट मस्कारा भी लगवा सकती हैं इससे आपको रोज-रोज मस्कारा लगाने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि पर्मानेंट मस्कारा 10-15 दिनों तक टिकता है।

■ आप अगर बिन्दी लगाने जा रहीं हैं तो इस मौसम में अच्छी क्वालिटी की चिपकने वाली बिन्दी का प्रयोग करें क्योंकि लिक्विड अथवा पाउडर बिन्दी इस मौसम में टिक नहीं पाती। खास मौकों पर आप किसी अच्छे ब्यूटी क्लीनिक से वॉटरप्रूफ बिन्दी भी बनवा सकती हैं।

■ बरसात के मौसम में होंठ सुन्दर दिखें और लिपस्टिक देर तक टिकी रहे इसके लिए आप पहले लिप लाइनर से होंठों को शेप दें और फिर मैट लिपस्टिर लगाकर पाउडर पफ से ट्रांस्परेंट पाउडर लगा लें, इसके ऊपर लिप ग्लोस लगा लीजिए। लिपस्टिक देर तक टिकेगी भी और सुन्दर भी दिखेगी।

■ इस मौसम में बालों को सैट करने के लिए हेयर स्टाईलिंग जैल और कर्लिंग स्टाइल से बालों को सैट नहीं करना चाहिए। इससे भीगने पर बाल चिपचिपे हो जाते हैं और कर्ल किए गए बाल कर्ल भी नहीं रह पाते हैं। बेहतर होगा कि इस मौसम में आप नेचुरल और अनकेम्प्ट हेयर स्टाइल रखें।

■ वर्षा में भींगने से ऑयल और मैल के कारण बालों में चिपचिपापन आ जाता है इसलिए भींगे बालों को माइल्ड शैम्पू से साफ कर लें।

■ शिफॉन, रेशमी, स्टार्च वाले कपड़े इस मौसम में नहीं पहनने चाहिए क्योंकि ये खराब हो जाते हैं। महीन सूती कपड़े जो पानी में भींगने पर ट्रांसपेरेंट हो जाते हैं जहां तक संभव हो नहीं पहनने चाहिए। बेहतर होगा कि आप थिक कॉटन, टेरीकॉटन या क्रेप जैसे कपड़े इस मौसम में पहनें यह शरीर के लिए आरामदायक और अनुकूल भी रहेंगे।

काबुली चना अचार

सामग्री : 150 ग्राम काबुली चना, 1 टेबलस्पून नमक, 1 टीस्पून सरसों का पाउडर, 1 टेबलस्पून सौंफ, 1 टीस्पून कलौंजी, 1/4 टीस्पून हींग, आधा टीस्पून हल्दी, 1 टेबलस्पून लाल मिर्च पाउडर, 200 मिली। सरसों या तिल का तेल।

विधि : कच्चे आम के पानी में काबुली चना, हल्दी और नमक मिलाकर रातभर के लिए भिगोकर रख दें। सुबह उसमें सरसों पाउडर और हल्दी मिलाएं। सौंफ, कलौंजी और हींग मिलाकर एक साथ भून लें। इसे काबुली चना के मिश्रण में डालकर अच्छी तरह से मिला लें। कड़ाही में तेल को गरम करें। फिर ठंडा होने के बाद उसमें काबुली चना का मिश्रण मिलाकर 8 घंटे के लिए रख दें।

रूसी से बचने के उपाय

1. बालों की जड़ों को छूते हुए, मोटे दांत वाले, उत्तम क्वालिटी के कंघे से नियमित कंघी करें। पांच मिनट तक कंघी करने से बालों में जमा गंदगी त्वचा से छूटेगी।
2. कंघी करने के पश्चात गोल दांतों वाले ब्रश से पांच मिनट तक बालों में आहिस्ता-आहिस्ता ब्रश करें। रक्तसंचार तेज होगा।
3. कंघी व ब्रश करते वक्त ध्यान रहे कि रूसी चेहरे या खुले अंगों पर न गिरे। बालों को चेहरे के पीछे की तरफ ब्रश करें व जहां-जहां रूसी गिरी हो, उस स्थान को किसी एंटीसेप्टिक की सहायता से पोंछ लें।
4. रूसी वाले कंघे व ब्रश को गर्म पानी व साबुन से धो डालें व थोड़ी देर धूप में रखें या एंटीसेप्टिक लगाएं।
5. सप्ताह में एक या दो बाद एंटीसेप्टिक तेल से सिर की मालिश करें। मालिश करने के बाद बालों को भाप दें। इससे तेल बालों की गहराई तक जाता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त होता है।
6. बालों को धोने के बाद हर्बल पैक लगाएं। इस हर्बल पैक से रूसी भी दूर होगी, साथ ही बालों को अतिरिक्त खुराक भी मिलेगा।
7. सप्ताह में एक बार गुनगुने तेल में 8-10 बूंदें कैलेंडुला क्यू मिलाकर मालिश करें। तीन-चार घंटे बाद बाल धो लें।

खरीदारी करते समय...

- खरीदारी करने के लिए बार-बार न जाएं। बेहतर यही है कि शॉपिंग के लिए जाने से पहले आवश्यक वस्तुओं की सूची बना ली जाए और कोशिश करें कि माह में एक-दो बार में ही सारी वस्तुएं खरीद ली जाएं। इस तरह समय की बचत के साथ अनावश्यक खर्च भी कम होगा।
- बाजार में वस्तुओं के प्रचलित दामों के उतार-चढ़ाव पर नजर रखें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से पूर्व उनकी गुणवत्ता व मूल्य की जांच-पड़ताल कर लें।
- घर में आय-व्यय का संकलन रजिस्टर बनाएं, जिसमें खरीदी गई मुख्य वस्तुओं का विवरण दिनांक व मूल्य सहित अंकित करें। महंगी वस्तुओं की रसीद विक्रेता से अवश्य लें तथा उसे भी संकलन रजिस्टर में नत्थी करें।
- पारिवारिक आय को ध्यान में रखते हुए ही खरीदारी करें।
- खरीदारी करते समय यह ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि कहीं आपकी खरीदारी से घर-परिवार के जरूरी एवं आकस्मिक खर्चे जैसे बिजली, पानी, टेलीफोन के बिल, दूध, धोबी, अखबार वाले का भुगतान, बच्चों की फीस अथवा ट्यूशन आदि का भुगतान तो प्रभावित नहीं हो रहा?
- 'कम खर्च बालानंसी' को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक खरीदारी से बचें।
- बच्चों में बचत करने की आदत विकसित करें। आवश्यक जरूरतों को छोड़कर घर में ज्यादा नकदी न रखें। नजदीक के डाकघर या बैंक में ही बचत पास बुक खुलवाएं ताकि जरूरत पड़ने पर रुपये आसानी से निकलवाये जा सकें।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रू रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। मात्र पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

काकुरो पहेली - 2007



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 2006 का हल



लॉफिंग जोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीवी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

□ □ □

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाट-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'

□ □ □

चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?

नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई हैं।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 2007



बायें से दायें:-

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूं राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके ख्याल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है कुढ़ता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह है चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेषाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'जल बिन मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिम्मी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'अपने तुम यार मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'झनक झनक झनक' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों में जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुल्लू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, ट्विंकल की 'कम्बख्त लड़के है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
३०. अमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'तेरे होते हैं' गीतवाली फिल्म-२,३

ऊपर से नीचे:-

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ये कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचे गाओ धीर' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे प्यार के दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रैना रैना आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी सनी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरुद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नन्दा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 2006

सूडोकु -2007

			1					6
7		2		5				9
		4			2	7	5	
5	7				9		1	8
				6				
6	1		3				2	4
	5	1	9			8		
2				8		9		1
9					3			

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2006 का हल

शब्द पहेली - 2007



बाएं से दाएं

1. जायकेदार,लजीज-5
4. नट का खेल-4
7. पथ,ओर-2
8. दुरूह,कठिन-3
9. प्रहार,घात-2
10. अचरज भरा कार्य-4
11. शराब,मद्य-2
13. साझेदार-4
14. क्षण,लम्हा-2
16. सहयोग-3
18. अड़िग-3
19. कैद, बंधक-3,2
21. चुगली करना-2,3
24. चालक (अंग्रेजी-3)
26. अग्नि, आग-3
28. टैक्स, हाथ-2
29. एक मुगल सम्राट-4
30. टकटकी-2
32. कैंची से काटना-4
33. आत्मा-2
35. सौरा,मिष्ठान-3
36. आगमन-2
37. जोरदार-4
38. तेज दौड़ना-5

ऊपर से नीचे

1. बुरी आदत-2
2. झगड़ा,रार-4
3. फिल्मी दुनिया-3,2
4. लेखनी,पेन-3
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. कटवृक्ष-4
7. मन को भाने वाला-5
10. बुरा आचरण-4
12. यमराज-2
15. चुनौती-4
17. विदलन,एकता भंग-3
18. आर्द्रक-4
20. भूमि,धरती-3
22. आवेश में आना-4
23. नामकरण-2,3
25. नरक में रहना-5
26. कामकाज-4
27. बेल,लतिका-2
29. प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31. जलजला-3
34. मैं का बहुवचन-2
36. रुपये का सोलहवां भाग-2

शब्द पहेली -2006 का हल



न्यूज फ्लैश

यमुना एक्सप्रेस वे के पास जमा कर रखीं थीं चोरी की कार, मोटरसाइकिलें

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 111 के नजदीक सर्विस लाईन पर पिलुखनी के पास बन्द पड़े मुर्गी फार्म के पास से पुलिस ने चोरी की सात मोटर साइकिल, एक कार तथा एक स्कूटी बरामद की। वाहनों को चुरा कर चोर यहां खडा कर देते थे, मौका मिलने पर उन्हें बेच देते थे। भरत उर्फ राघव पुत्र महाराज सिंह निवासी नगला बाबू थाना मुरसान जिला हाथरस, रिषू पुत्र दुष्यन्त निवासी वडाकला थाना इगलास जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की निशान देही पर यमुना एक्सप्रेस वे के पास से तीन बिना नम्बर की रायल इन्फील्ड बुलट, नम्बर प्लेट लगी रंग सफेद की वेगन आर कार, स्कूटी यामहा, स्प्लैण्डर प्लस मोटरसाइकिल, एच.एफ.डीलक्स मोटरसाइकिल, एक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस रंग काला पीला बिना नम्बर प्लेट, एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो, मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बरामद की गई हैं। थाना राया पुलिस एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में रविवार को सुबह करीब साढे चार बजे मानचूहरा बम्बा रोड तिराहा से करीब 50 कदम आगे ग्राम जवार की ओर रोड दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम रविवार को चेकिंग कर रही थी। तीन युवक मोटरसाइकिल पर आते दिखे, पुलिस वालो को देखकर पीछे मुड़कर भागने लगे तभी भरत और रिषू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त रॉकी उर्फ राकेश पुत्र अशोक कुमार निवासी नगला अनी थाना मुरसान हाथरस भागने में सफल रहा। भरत के विरूद्ध करीब आधा दर्जन, इतने ही रिषू के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार, स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार शर्मा, एसआई विनय कुमार थाना राया, एसआई राजकुमार थाना राया आदि थे।

ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने अपना नया इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग प्लैटफॉर्म लॉन्च किया

लुधियानाः अंग्रेजी भाषा के मूल्यांकन के लिए सबसे बड़ा नाम ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने आज अपने ग्लोबल ब्राण्ड कैम्पेन के लॉन्च की घोषणा की है। ऐसा करके वो अपने तेजी से बढ़ते विश्व स्तरीय टेस्टिंग प्रोडक्ट्स ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल तथा ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल को सहयोग दे रहे हैं। ये अनूठे लैंग्वेज टेस्टिंग प्रोडक्ट्स विदेश में उच्च शिक्षा पाने की चाहत रखने वाले भारतीय विद्यार्थियों की बदलती जरूरतों को पूरा कर कर रहे हैं। उन्हें सुनने,लिखने और बोलने के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए एक सुरक्षित तथा भरोसेमंद माध्यम प्रदान कर रहा है।यह यूके,यूएसए,ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा में 120से ज्यादा विश्व विद्यालयों से मान्यता प्राप्त तथा मान्य है जिनमें ब्रिस्टल विश्वविद्यालय,यॉर्क विश्वविद्यालय,ग्लासगो विश्वविद्यालय,एडिनबर्ग विश्वविद्यालय, हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय और नियाग्रा फॉल्स विश्वविद्यालय कनाडा शामिल हैं। मूल्यांकन के लिए ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के भारत में 10 टेस्ट सेंटर्स काम कर रहे हैं और जल्द ही कई और भी लॉन्च होने वाले हैं।ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के लैंग्वेज टेस्टिंग उत्पादों में पढने,सुनने,लिखने और बोलने के मॉड्यूल्स शामिल हैं जो समग्र मूल्यांकन पर जोर देते हैं। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के शुरूआती प्रोडक्ट के लॉन्च होने के बाद भारतीय विद्यार्थियों को सुविधा तथा लचीलापन प्रदान करने के लिए इसने भारत सहित पूरे विश्व के स्टूडेंट्स को सपोर्ट प्रदान किया है। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल पूरी तरह से एक ऑनलाइन मोड्यूलराइज्ड इंग्लिश लैंग्वेज लेवल टेस्ट है जिसमें विश्व के किसी भी स्थान से शामिल हुआ जा सकता है। इसकी मॉड्यूल संचरना विद्यार्थियों को रुकने और अपनी सुविधा के अनुसार फिर शुरू करने की सुविधा देता है।इस वजह से यह किसी भी शेड्यूल में आसानी से तालमेल बिठा लेता है। कौशल का पर्याप्त मूल्यांकन करने के लिए मानव निरीक्षण और एआई सुरक्षा उपायों के साथ विद्यार्थी दुनिया के किसी भी कोने से टेस्ट दे सकते हैं। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल मान्यता प्राप्त टेस्ट सेंटर्स पर स्टूडेंट्स की इन्टरनेट से जुडी परेशानियों से मुक्त और सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।व्यक्तिगत रूप से टेस्ट देने का यह विकल्प अभ्यर्थियों और विश्वविद्यालयों को मन की शांति देता है। जिससे एक ही सिटिंग में अंग्रेजी भाषा की दक्षता के स्तर को जान पाना संभव हो पाता है। सटीकता तथा सुलभता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विद्यार्थियों के लिए 48 घंटे में ही परिणाम उपलब्ध करा दिए जाते हैं। अभ्यर्थियों से स्पीकिंग टेस्ट में मिलने ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी परीक्षक दोनों ही प्रकार के टेस्ट में उनकी लिखित परीक्षा को भी जांचते हैं। इससे अभ्यर्थी की क्षमताओं का एक स्दार्वान्गीन स्वरूप देखने को मिल जाता है। टेस्ट को लेकर किए जाने वाले सर्वेक्षणों के बारे में हम सब जानते हैं कि लाइव परीक्षक सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं।

दिव्यांग क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित होगी नई शिक्षा नीति प्रणाली

कार्यक्रम

8 -वात्सल्य ग्राम में हुआ नई शिक्षा नीति के लिए सतत पुनर्वास कार्यक्रम का आयोजन

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
वात्सल्य ग्राम स्थित वैशिष्टयम विद्यालय द्वारा दिव्यांग क्षेत्र में नई शिक्षा नीति प्रणाली को अवगत कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीत में विशेष शिक्षा का परिचय विषय पर चर्चा परिचर्चा की गई। शिविर के समापन पर वक्तव्य देते हुए दृष्टि बाधित प्रवक्ता संदीप ने ऑनलाइन एवं डिजिटल शिक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दृष्टिबाधित बच्चों के लिए हम प्रोजेक्टर या स्पर्श वाले उपकरणों का प्रयोग करते हुए सिखा सकते हैं तथा ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने का डिजिटल माध्यम भी है। इसके द्वारा कोई भी व्यक्ति जो शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है। वह डिजिटल के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। जयपुर से आए सहायक प्रवक्ता विकास ने दिव्यांग बच्चों के लिए कक्षा कैसी होनी चाहिए इस पर चर्चा की तथा शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबलेशन विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रवक्ता डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने शिक्षा में अनुकूलन और समावेशन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विशेष बच्चों के लिए प्रत्येक कक्षा के पाठ्यक्रम में अनुकूलन समावेश होना चाहिए। इसके अंतर्गत सभी को एक ही छत के नीचे पढ़ना चाहिए। शिक्षा की गतिविधि लचीली होनी चाहिए। बच्चों के मनोनुकूल पाठ्यक्रम हो जो सरल और सहज ग्राह्य होना चाहिए, जो दिव्यांग बच्चों को असहज महसूस ना हो। पाठ्यक्रम रुचि के अनुरूप हो तथा सामान्य बच्चों के तरह दिव्यांग बच्चे भी उसे ग्रहण कर सकें। शिविर की संयोजिका का वैशिष्टयम् की प्रधानाचार्या मीनाक्षी अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में भरतपुर, दिल्ली, नोएडा, अमरोहा, गाजियाबाद, जयपुर, दौसा आदि से 100 प्रशिक्षिकों ने भाग लिया तथा 10 विषय विशेषज्ञों ने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

जींदः ट्राले की चपेट में आने से डिलीवरी ब्वाय की मौत

जींद/टीम एक्शन इंडिया
जुलाना खंड के गांव गतौली के निकट शनिवार रात तेज रफ्तार ट्राला ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता चिराग था। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है।

भटनागर कालोनी निवासी राजबीर (21) प्राइवेट कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का कार्य करता था। शनिवार की देर शाम वह जुलाना की तरफ बाइक पर सवार होकर डिलीवरी देने गया हुआ था। वापसी के दौरान गांव गतौली के निकट तेज रफ्तार ट्राले ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें राजबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों न उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्राले को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक राजबीर परिवार का इकलौता चिराग था। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता अजमेर की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मेरा जीवन मथुरा के लिए समर्पित हैः हेमा मालिनी

मथुरा से तीसरी बार चुनाव लड़ने के लिए जताया आभार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी पर विश्वास जताया है। हेमा मालिनी तीसरी बार मथुरा से लोकसभा चुनाव लडेंगी। भाजपा ने पहली लिस्ट में ही मथुरा लोकसभा सीट से नाम हेमा मालिनी का नाम घोषित किया है। इसके बाद भाजपाइयों में खुशी की लहर है। जगह जगह मिष्ठान वितरण कर लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं।

सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि मुझे तीसरी बार मथुरा लोकसभा का उम्मीदवार बना कर पार्टी नेतृत्व द्वारा जो विश्वास जताया गया है इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। मैं अपने नेतृत्व को आश्वस्त करती हूं कि मथुरा के विकास और मथुरावासियों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगी।

10 साल में बहुत कुछ किया है। आगे पांच साल की योजना बनी हुई है। मेरा जीवन मथुरा के लिए समर्पित है। मथुरावासियों के लिए समर्पित है। अबकी बार 400 पार तीसरी बार मोदी सरकार।

जींदः तेज हवाओं व बारिश से नगूरां में गिरा दो मंजिला मकान

जींद/टीम एक्शन इंडिया
शनिवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते नगूरां गांव के खेतों में बना दो मंजिला मकान धड़ाम से गिर गया। हालांकि मकान गिरने से किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। मकान मालिक नगूरां निवासी कुलदीप ने बताया कि उसने कुछ समय पूर्व खेतों में दो मंजिला मकान बनाया था। रविवार को लोगों में दहशत रही।शनिवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते अचानक से मकान गिर गया। हालांकि मकान गिरने से घर में सोये परिवार के किसी सदस्य को चोटें नहीं पहुंची है। मकान मालिक ने सरकार से गिरे मकान का सर्वे करवा नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। नगूरां सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि मकान मालिक कुलदीप ने कुछ समय पूर्व ही खेतों में मकान का निर्माण किया था।

तरुणी सम्मेलन में महिला शक्ति ने किया आत्मनिर्भर भारत पर मंथन

तरुणी सम्मेलन

8 -विकसित भारत के निर्माण में तरुणी की भूमिका पथ प्रदर्शक के रूप में : अरुण कुमार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
धार्मिक नगरी वृन्दावन स्थित शोध संस्थान में आयोजित तरुणी सम्मेलन धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इससे पहले मुख्य अतिथि डीपीआरओ किरन चौधरी, मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक अरुण कुमार ने भारत माता के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि डीपीआरओ किरन चौधरी ने माता एवं तरुणी बहनों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा सर्वोपरि है। शिक्षा केवल स्कूल से नहीं मिलती, घर, समाज किसी भी, व्यक्ति से हम जो सीखते हैं वह शिक्षा है। डॉ. तपस्या शर्मा ने कहा लर्निंग लेबर और कानून का सामान्य एक देश के विकास का आधार बनेगा। नारी की आत्मनिर्भरता क्यों आवश्यक है। मुख्य वक्ता अरुण कुमार ने कहा नवरात्रों में साक्षात तरुणी मातृशक्ति की आराधना है। हिंदू विचारधारा के पुरुषार्थ हैं। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, धर्म और अर्थ प्रारब्ध पर निर्भर है।

जिला पुलिस द्वारा गांव राणा माजरा में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता

8 पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों में भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया।

कमाल हुसैन
पानीपत
, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में पानीपत जिला पुलिस द्वारा यमुना तलहटी से सटे गांवों के युवाओं को नशे की दलदल से दूर रख पढ़ाई के साथ खेलों में भविष्य बनाने की सोच के साथ गांव राणा माजरा में रविवार को एक दिवसीय वालीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों में भविष्य संवारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में गांव राणा माजरा, गढी बेसिक, सनौली, पत्थरगढ़ व सीआईए वन की वालीबॉल की टीम ने हिस्सा लिया। गांव राणा माजरा व गढ़ी बेसिक की पंचायत को वालीबॉल के सामान की किट भी भेंट की।

इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, इग्नू दिल्ली से प्रोफेसर हिना, सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक, राणा माजरा गांव के सरपंच खुर्शीद, गढ़ी बेसिक गांव के सरपंच रफाकत हसन व विभिन्न गांव के मौजिज व्यक्ति व काफी संख्या में युवा मातृशक्ति मौजूद रही।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य यमुना तलहटी से सटे गांव के युवाओं को प्रेरित कर खेल के मैदान में लाना है, ताकि वे अपराध और नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। नशे से उस व्यक्ति का परिवार ही नहीं बल्कि पूरा समाज प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में उन्होंने जिला पानीपत पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाला था। उनको पहले दिन ही जानकारी मिली थी कि राणा माजरा गांव में नशे की सबसे ज्यादा तस्करी होती है। गांव के युवा वर्ग नशे की गर्त में हैं। दूर दराज के लोग व कॉलेज के बच्चे यहां स्मैक खरीदने आते है। उन्होंने तभी से नशे को जड़ मूल से खत्म करने का फैसला लिया था। थाना सनौली पुलिस के अलावा सीआईए वन टीम प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक को विशेष रूप से इसकी जिम्मेदारी सौंपी

जनपद में उपज की नींव हो रही मजबूत

-उपज पत्रकार संगठन के महावन तहसील अध्यक्ष बने अमित शर्मा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश तथा जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान के प्रस्ताव पर अमित शर्मा को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट उपज तहसील महावन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। पूर्व अध्यक्ष तहसील महावन रवि कुमार पांडे ने किया नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष अमित शर्मा का किया पटुका पगड़ी पहनाकर भव्य सम्मान तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने के बाद अमित शर्मा ने कहा कि वह संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे एवं पत्रकार हित और राष्ट्रहित में पूर्ण निष्ठा से काम करेंगेद्य इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने सर्व सहमति द्वारा हर्ष व्यक्त कर नव अध्यक्ष का सम्मान किया गया एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल, जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान, जिला कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष बीएस छौंकर, जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष धीरज पचौरी, जिला संगठन मंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला संरक्षक शिव प्रकाश शर्मा, महावन मांट के मीडिया प्रभारी संजय पंवार, ऋषि कुमार निमेष, राजेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व तहसील अध्यक्ष रवि कुमार पांडे, तहसील सचिव वेद प्रकाश सारस्वत, जिला कार्यकारी सदस्य गणेश माहौर, साहूकार शर्मा, सुनील राज, लक्ष्मी शर्मा, चेतन राघव आदि मौजूद रहे।

घर नहीं लौटी पेपर देने निकली युवती

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
नौहझील क्षेत्र के एक गांव से पेपर देने गई युवती घर नहीं लौटी। इससे परिजनों की बेचैनी बढ गई। पीडित पिता ने बेटी के गायब होने की थाना नौहझील पर तहरीर दी है। परिजनों द्वारा आसपास युवती की तलाश की गई मगर कोई जानकारी नहीं हुई। परिजनों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। बेटी के पिता ने बताया कि बेटी सुबह घर से पेपर देने गई थी। मगर शाम तक लौट कर नहीं आई। आसपास तलाश किया गया, परिचितों से भी पूछताछ की गई लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। तहरीर में एक नामजद पर शक भी जाहिर किया गया है। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि युवती के पिता की तहरीर पर एक नामजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

महापंचायत में यमुना भक्त का प्रण, शुद्ध होने तक त्यागा अन्न

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
श्रीकृष्ण जन्मभूमि की लडाई लड रहे दिनेश शर्मा ने अब यमुना शुद्धिकरण के लिए बीड़ा उठाया है। दिनेश शर्मा ने ऐलान किया है कि जब तक यमुना की धार शुद्ध रूप से अविरल प्रवाह में नहीं आती वह अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। दिनेश शर्मा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए न्यायालय में हिन्दू पक्षकार हैं। इससे पहले उन्होंने प्रण किया था कि वह पैरों में खड़ाऊँ नहीं पहनगे और नंगे पैर ही रहेंगे। अब उन्होंने यमुना शुद्ध होने का तक अन्न ग्रहण नहीं करने का संकल्प लिया है। उन्हें ने यह प्रण

यमुना शुद्धीकरण के लिए बुलाई गई संत एवं यमुना भक्तों की महापंचायत में लिया। विश्राम घाट पर जमुना महारानी के शुद्धिकरण के लिए महापंचायत हुई। महापंचायत में अनेकों संत, महात्मा और यमुना भक्त मौजूद रहे। यमुना भक्तों के दशकों पुरानी पीड़ा रही है। वह यमुना में जल का अविरल और शुद्ध प्रवाह चाहते हैं। इसके लिए दशकों से विभिन्नरूपों में लडाई लडी जाती रही है। यमुना भक्त काफिले में दिल्ली तक कूंच भी कर चुके हैं और व्यक्तिगत सत्याग्रह जैसे आंदोलनात्मक कदम भी उठाते रहे हैं। सरकार भी लाखों करोड़ों रुपये की योजनाओं को मूतिरूप देती रही है बावजूद इसके यमुना का जल समय के साथ साफ होने की बजाय और गंदो होता गया है। अब तो स्थिति यह हो गई है कि यमुना लगभग जलचर विहीन हो गई है प्रदूषण से मछलियों के मरने जैसी घटनाएं भी बंद हो गई हैं। यमुना में अब न कछुआ ही मिलते हैं और नहीं मछलियां ही। इससे यमुना भक्तों की पीड़ा लगातार बढ़ रही है। एक बार फिर यमुना के लिए आंदोलन की पटकथा लिखी जा रही है। यमुना भक्त लगातार बैठक कर रहे हैं और आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

लूटपाट, फिरौती, हत्या अपहरण, चोरिया व दुष्कर्म होना चिंता का विषय हैः गर्ग

आंकड़े

8 एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार 2022 में हरियाणा में अपराध में 17.6% वृद्धि दर्ज की गई है-

चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में लगातार व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता के साथ लूट-पाट, फिरौती, हत्या, अपहरण, चोरी व महिलाओं के साथ दुष्कर्म होना चिंता का विषय है। हरियाणा अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े फायरिंग करके हत्या करने व फिरौती मांगने



से प्रदेश का व्यापारी व आम जनता में भय का माहौल है। एनसीआरबी की आंकड़े के अनुसार हरियाणा में प्रति व्यक्ति अपराध 3.8 दर्ज की गई है। हरियाणा प्रदेश डकैती, चोरी, रिश्वतखोरी, हत्या व बलात्कार आदि अपराध में देश के 10 सबसे खतरनाक राज्यों में से एक है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली से ज्यादा डकैतियां इस वर्ष हरियाणा में हुई है और अपहरण के मामले भी बढ़े हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज होने के बाद पुलिस की कार्रवाई बेहद ढीली है। ऐसे मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने में हरियाणा नीचे से तीसरे पायदान पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के आंकड़े राज्य में आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंता उत्पन्न करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में राज्य में कुल 2.43 लाख आपराधिक मामले दर्ज हुए, जो 2021 से 17.6 फीसदी ज्यादा हैं। राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध में भी 7.7 फीसदी बढ़ोतरी हुई। कुल 6,138 केस दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 5,700 और 2020 में 4,338 था। पड़ोसी राज्य पंजाब में 2022 में महज 2,494 वारदात दर्ज की गईं। पॉक्सो एक्ट के तहत हरियाणा में 1,272 बच्चियों के यौन शोषण की घटनाएं दर्ज हुईं और 68 लड़कों को भी शोषण का शिकार बनाया गया। 57.2 फीसदी मामलों में ही आरोप-पत्र महिलाओं से दुष्कर्म और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में हरियाणा में अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने की दर काफी दयनीय है। यह दर केवल 57.2 फीसदी है। इस मामले में हरियाणा का स्थान देश में तीसरा है। हरियाणा के बाद राजस्थान (54 प्रतिशत) और असम (41.4 प्रतिशत) हैं। 2022 में बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने की दर महज 41.6% रही। इस श्रेणी के राज्यों में हरियाणा देश में तीसरे नंबर पर है। वहीं, पड़ोसी राज्य पंजाब में बच्चों से संबंधित अपराध में चार्जशीट दायर करने की दर 72.6 फीसदी रही।118.7 फीसदी अपराध एक लाख आबादी पर हरियाणा में प्रति लाख आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 118.7 फीसदी दर्ज हुई। दिल्ली में यह दर 144.4 फीसदी है। 2022 में राज्य में महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं के 16,742 मामले दर्ज हुए, जबकि 2021 में यह संख्या 16,658 थी।

रंगोत्सव के रंग में भंग न डाल दें वर्षों से जर्जर खड़ी इमारतें

मेला की तैयारी

8 -नोटिस देकर खानापूर्ति करता है पुलिस प्रशासन
-रंगीली गली चौक पर रहेगा श्रद्धालुओं का प्रवेश वर्जित

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
बरसाना के रंगोत्सव के रंग में भंग ना डाल दे वर्षों से जर्जर खड़ी इमारत जहां होती है होली वहा खड़ी है जर्जर इमारत ।लठामार होली मेला की तैयारी को लेकर हर बार पुलिस प्रशासन जर्जर इमारतों के मालिकों सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति करता है, लेकिन उसके बावजूद भी जर्जर इमारतों पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु चढ़ जाते है। इस बार भी पुलिस प्रशासन ने जर्जर इमारत के मालिकों को नोटिस जारी किया है। 18 मार्च को बरसाना में लठमार होली मेला का आयोजन होगा। लठामार होली मेला देखने के लिए देश विदेश से लाखों की तादाद में श्रद्धालु बरसाना आते है। ऐसे में कस्बे के तंग रंगीली गली में लठामार होली का मुख्य आयोजन होता है। जहां होली देखने के लिए वीवीआईपी का अमला एकत्र होता है। वहीं हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी रंगीली गली में पहुंचे है। ऐसे में तंग रंगीली गली के चारो तरफ जर्जर इमारत खड़ी हुई है। उक्त इमारतों की छत पर बैठकर श्रद्धालु होली का आनंद लेते है।



कपड़ा कंपनी का आ रहा IPO, ग्रे मार्केट में तूफानी तेजी, 300 प्रीमियम पर पहुंचा भाव, 6 मार्च से मौका

नई दिल्ली.अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। अगले सप्ताह एक और आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। इसका नाम श्री कर्णी फैबकॉम लिमिटेड है। कंपनी के इस इश्यू में निवेशक 6 मार्च से दांव लगा सकेंगे। निवेशकों के लिए यह इश्यू 11 मार्च तक ओपन रहेगा। इसका प्राइस बैंड 227 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। श्री कर्णी फैबकॉम आईपीओ के जरिए ?42.49 करोड़ जुटाने वाला एक एनएसई एसएमई आईपीओ है। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। बता दें कि 6 साल पुरानी श्री कर्णी फैबकॉम लिमिटेड कंपनी के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ग्रे मार्केट में गजब की दीवानगी देखने को मिल रही है।

क्या चल रहा GMP?

ग्रे मार्केट के एनालिस्ट का मानना है कि ग्रे मार्केट में यह शेयर 300 रुपये के प्रीमियम पर उपलब्ध है। यानी आईपीओ प्राइस 227 रुपये से 132.16% प्रीमियम पर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में इस कंपनी की संभावित लिस्टिंग कीमत 527 होगी। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 14 मार्च को हो सकती है।

कंपनी के बारे में

कंपनी फैब्रकॉम सामान, मेडिकल आर्क सपोर्ट, कुर्सियां, जूते और परिधान जैसे विभिन्न उद्योगों के लिए तैयार तकनीकी वस्त्रों का निर्माण करती है। उनकी प्रोडक्शन प्रक्रिया यार्न की खरीद से शुरू होती है और इसमें बुनाई, कोटिंग, प्रिंटिंग और फिनिशिंग शामिल होती है।

अनंत-आकाश और इशा के पास रिलायंस के कितने शेयर, मुकेश अंबानी ने इस तरह किया है बंटवारा

नई दिल्ली.भारत समेत दुनियाभर में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेशन की चर्चा हो रही है। दुनिया की तमाम बड़ी हस्तियों ने 3 दिन तक चलने वाले इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया है। इस प्रोग्राम के दौरान अनंत अंबानी की स्पीच का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस स्पीच वीडियो में बेटे अनंत की बातें सुनकर मुकेश अंबानी बेहद भावुक नजर आ रहे हैं। बतौर पिता मुकेश अंबानी का अपने बच्चों- आकाश, इशा और अनंत अंबानी के लिए एक समान प्यार

अकसर मीडिया की सुर्खियों में रहता है। पिछले साल ही मुकेश अंबानी ने आकाश, इशा और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में शामिल करने का ऐलान किया था। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को भी देखें तो तीनों भाई-बहन की बराबर शेयर हिस्सेदारी है।

किसके पास कितने शेयर

दिसंबर 2023 तक के रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक प्रमोटर्स के पास कंपनी में 50.30 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 49.70 फीसदी की है। प्रमोटर्स में अंबानी फैमिली के 6 लोगों में मुकेश अंबानी के अलावा उनकी मां कोकिलाबेन धीरू अंबानी, पत्नी नीता अंबानी और बच्चे- इशा, आकाश और अनंत अंबानी शामिल हैं। मुकेश अंबानी के तीनों बच्चे यानी इशा, आकाश और अनंत अंबानी के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज के एक समान 80,52,021 शेयर हैं।

1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड दे रही हैं कंपनी, रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते

नई दिल्ली. शेयर बाजार में डिविडेंड देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। सनोफी इंडिया लिमिटेड इस हफ्ते शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। कंपनी ने एक शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस डिविडेंड स्टॉक के विषय में -

किस दिन है रिकॉर्ड डेट?

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 1 शेयर पर 50 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 7 मार्च 2024 तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम इस दिन कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेगा उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा।

लगातार डिविडेंड देती आ रही है कंपनी

कंपनी नियमित अंतराल पर डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी ने पिछले साल 377 रुपये का डिविडेंड दिया था। 28 अप्रैल को शेयर बाजार में कंपनी एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। इससे पहले 2022 में भी कंपनी ने 500 रुपये से अधिक का डिविडेंड दिया था।

शेयर बाजार में दमदार प्रदर्शन?

शनिवार को स्पेशल सत्र बंद होने के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 8736.10 रुपये था। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों 22 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली हैवहीं, स्टॉक को होल्ड करने वाले इंवेस्टर्स को अबतक 51 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला है। बीएसई में कंपनी का 52 वीक हाई 9370.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 5329.70 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी का मार्केट कैप 20,119.24 करोड़ रुपये का है।

इस कंपनी के शेयर की कीमत अचानक हुई जीरो, कभी 2700 थी कीमत, डूब गया निवेशकों का सारा पैसा

नई दिल्ली.कर्ज में डूबी कंपनी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (Reliance Capital Share) अब हिंदुजा ग्रुप की हो गई है। पिछले सप्ताह ही नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (IIHL) के 9,650 करोड़ रुपये के समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इसके बाद नए ओनर ने रिलायंस कैपिटल लिमिटेड को स्टॉक मार्केट से डी-लिस्ट कराने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि रिलायंस कैपिटल के शेयरों की ना तो ट्रेडिंग हो सकेगी और ना ही निवेशक शेयर होल्ड कर सकेंगे। बता दें कि कंपनी के शेयरों की अंतिम ट्रेडिंग 26 फरवरी को हुई थी। इसकी कीमत 11.90 रुपये है। 2008 में इस शेयर कीमत 2700 रुपये से भी अधिक थी। वर्तमान में यह शेयर 99% तक टूट चुका है।

क्या है डिटेल

रिलायंस कैपिटल ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा- कंपनी के इक्विटी शेयरधारक का परिसमापन मूल्य शून्य है और इसलिए, इक्विटी शेयरधारक कोई भुगतान प्राप्त करने के हकदार नहीं होंगे। वहीं, रिलायंस कैपिटल के किसी भी शेयरधारक को कोई प्रस्ताव नहीं दिया जाएगा। आसान भाषा में समझें तो रिलायंस कैपिटल की डी-लिस्टिंग के बाद इक्विटी शेयरहोल्डर्स को कोई भी पेमेंट नहीं मिलेगा।

बीते मंगलवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रिलायंस कैपिटल पर नियंत्रण के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की तरफ से पेश 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दे दी। इसमें कर्जदाताओं को 63 प्रतिशत बकाया का नुकसान उठाना पड़ेगा। कंपनी के खिलाफ किए गए 38,526.42 करोड़ रुपये के कुल दावों में से सिर्फ 26,086.75 करोड़ रुपये के दावों को ही न्यायाधिकरण ने स्वीकार किया है। बोली प्रक्रिया में विजेता घोषित की गई आईआईएचएल ने स्वीकृत दावों का सिर्फ 37 प्रतिशत यानी 9,661 करोड़ रुपये ही चुकाने पर सहमति जताई है। इसका मतलब है कि कर्जदाताओं को अपने बकाया दावों का 63 प्रतिशत हिस्सा नहीं मिलेगा।

मार्च में इस तारीख से पहले फटाफट निपटा लें टैक्स सेविंग सहित ये 5 जरूरी काम, बढ़ सकती है परेशानी

नई दिल्ली. मार्च का महीना शुरू हो चुका है। कई ऐसे काम हैं, जिन्हें इसी महीने निपटाना बेहद जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर आपको समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इनमें आधार (Aadhaar Update) से लेकर फास्टैग केवाईसी और टैक्स सेविंग जैसे कई जरूरी काम शामिल हैं। ये सभी जरूरी काम आपको 31 मार्च से पहले निपटाने जरूरी हैं।

अगर आप तय डेडलाइन के अंदर ये काम पूरा नहीं करेंगे तो आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। कुछ मामलों में आपको पेनल्टी भी चुकाना पड़ सकता है। आइए आपको बताते हैं ऐसे कौन से जरूरी काम हैं, जिन्हें आपको इस महीने के अंत तक निपटाना बेहद जरूरी है।

टैक्स सेविंग

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए टैक्स सेविंग विकल्प चुनने की अंतिम तारीख 31 मार्च, 2024 है। इस तारीख तक आप अपनी इनकम के मुताबिक टैक्स सेविंग करने के लिए सही इन्वेस्टमेंट स्कीम में निवेश जरूर कर लें। इसके बाद अगर आप निवेश भी करेंगे तो आपको इस वित्त वर्ष में आय पर लगने वाले टैक्स से छूट नहीं मिलेगी।

होम लोन पर छूट

भारतीय स्टेट बैंक की होम लोन के लिए चलाई जा रही स्पेशल स्कीम के अंतर्गत आप 31 मार्च 2024 से पहले छूट का फायदा ले सकते हैं।

इस छूट में एनआरआई, विशेषाधिकार, फ्लेक्स पे, गैर-वेतनभोगी वाले होम लोन शामिल हैं। जिनका सिबिल स्कोर बेहतर हैं उन्हें एसबीआई रियायती दर पर होम लोन दे रहा है।

फास्टैग केवाईसी

यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से संबंधित कुछ सेवाओं के लिए समयसीमा बढ़ा दी है।

112 तक जाएगा यह शेयर, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है कंपनी, अडानी से भी मिला है काम

नई दिल्ली. इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग सॉल्यूशन प्रोवाइडर सर्वोटेक पावर सिस्टम के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयरों की अंतिम ट्रेडिंग 95.25 रुपये है। हाल ही में इसे हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (एचपीसीएल) से लगभग ?102 करोड़ का ऑर्डर मिला है और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) लिमिटेड से ?111 करोड़ का एक और ऑर्डर मिला है।

शेयर का हाल

सर्वोटेक के शेयर में बीते शनिवार को भारी बिकवाली रही। यह शेयर एनएसई पर 95.25 रुपये पर बंद हुआ। शेयर में 5 फीसदी का लोअर सर्किट लगा। इससे पहले शेयर ने छह फरवरी को 108.70 रुपये के 52 वीक हाई को टच किया। पिछले साल 29 मार्च को यह शेयर 16.48 रुपये के 52 वीक लो पर पहुंच गया था।

ब्रोकरेज की राय

हाल ही में सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड के शेयर को लेकर ब्रोकरेज ने एक टारगेट प्राइस दिया है। प्रभुदास लीलाधर के शिजू कुथुपालक्कल ने कहा- सर्वोटेक शेयरों का ?88 के स्तर पर मजबूत आधार है और एनर्जी स्टॉक को ?100 पर बाधा का सामना करना पड़ रहा है। इस बाधा को निर्णायक रूप से पार करने पर सर्वोटेक शेयर ?112 प्रति शेयर के स्तर तक जा सकते हैं।

गौतम अडानी की कंपनी के लिए भी काम

हाल ही में ईवी चार्जर की आपूर्ति के लिए गौतम अडानी समूह की कंपनी से हाथ मिलाया है। इस कंपनी ने अडानी टोटल एनर्जीज ई-मोबिलिटी के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि सर्वोटेक पावर सिस्टम एसी ईवी चार्जर के मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई और अलग-अलग एयरपोर्ट और अन्य स्थानों पर उसे स्थापित करने के लिए जवाबदेह होगी। इसके अलावा पिछले महीने ही सर्वोटेक पावर सिस्टम्स ने बीपीसीएल के नए ऑर्डर के बारे में जानकारी दी है। बीपीसीएल ने 1800 डीसी फास्ट ईवी चार्जर्स के लिए 120 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है।

अरबों रुपये के मालिक हैं OpenAI के फाउंडर Sam Altman, जानें कहां से करते हैं कमाई

बिजनेस डेस्क.ओपन एआई OpenAI के फाउंडर और सीईओ सैम ऑल्टमैन के नेट वर्थ 2 अरब डॉलर के पार पहुंच गई है। आश्चर्य की बात यह है कि उनके नेट वर्थ में इजाफे का OpenAI का योगदान नहीं है।

बता दें, ब्लूमबर्ग ने पहली बार सैम ऑल्टमैन की नेटवर्थ का आंकलन किया है।दुनिया भर में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस का चेहरा बनकर उभरे सैम आल्टमैन का OpenAI में कोई हिस्सेदारी नहीं है। बता दें, हाल ही में OpenAI की वैल्यूएशन 86 बिलियन डॉलर आंकी गई थी।

कहां से कमाई करते हैं सैम ऑल्टमैन

सैम की कमाई का बड़ा हिस्सा वीसी फंड्स और स्टार्टअप इंवेस्टमेंट से आता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले महीनों में सैम ऑल्टमैन की संपत्ति में तेजी के साथ इजाफा देखने को मिलेगा। Reddit का आईपीओ आ रहा है। सैम इस कंपनी में सबसे बड़े शेयर होल्डर्स हैं। OpenAI के सबसे महत्वपूर्ण लोगों में से एक सैम ऑल्टमैन है।

लेकिन उन्होंने कई बार यह स्पष्ट किया है कि उनकी कोई भी हिस्सेदारी ओपन एआई में नहीं है। बता दें, इस स्टार्अप फर्म में सबसे बड़ी हिस्सेदारी माइक्रोसॉफ्ट की है। जिनके पास 49 प्रतिशत हिस्सा है।

सैम ऑल्टमैन के नेट वर्थ में सबसे अधिक ईजाफा opaque से होता है। सैम ने कई कंपनियों में निवेश किया है। इन कंपनियों में अपोलो प्रोजेक्ट्स भी है। जहां उन्होंने 434 मिलियन डॉलर लगाया है। इसके अलावा Non Energy Inc भी सैम ऑल्टमैन का निवेश है।

टाटा को सबसे ज्यादा फायदा, मुकेश अंबानी की रिलायंस को 3,720.44 करोड़ का नुकसान

पिछले हफ्ते शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। बाजार कल शानदार तेजी के साथ बंद हुआ था। इस दौरान टॉप 10 कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में तेजी आई है। वहीं कई कंपनियों की वैल्यू में गिरावट आई है। जानिए कौन रहा सबसे ज्यादा फायदे में और किसे हुआ सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

नई दिल्ली. सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (Market Cap) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) और आईसीआईसीआई बैंक रहे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया गया था।

इन कंपनियों को हुआ मुनाफा

टॉप 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस (TCS) का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,672.82 करोड़ रुपये जोड़े और उसका बाजार मूल्यांकन 7,60,481.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।एसबीआई की बाजार हैसियत 12,182.1 करोड़ रुपये बढ़कर 6,89,917.13 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक की 7,178.03 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 10,86,464.53 करोड़ रुपये हो गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 5,051.63 करोड़ रुपये बढ़कर 5,67,626.01 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 4,525.14 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 6,38,721.77 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 811.39 करोड़ रुपये बढ़कर 5,14,451.76 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

नुकसान में रहीं ये कंपनियां

इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 19,892.12 करोड़ रुपये घटकर 6,54,763.76 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 9,048.17 करोड़ रुपये घटकर 6,86,997.15 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 3,720.44 करोड़ रुपये घटकर 20,16,750.44 करोड़ रुपये रह गई।

अगले हफ्ते कैसी रहेगी बाजार की चाल? रहेगी तेजी या आएगी गिरावट, देखें डिटेल्स

नई दिल्ली. नई दिल्ली- शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी है। शेयर बाजार कल यानी बीते शनिवार को विशेष कारोबार के अंतिम सत्र में रेकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी हुई है। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया था।

विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नये उच्च स्तर पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

इन शेयरों में दिखी तेजी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 394.06 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। शेयर बाजारों के अनुसार शनिवार को दो कारोबारी सत्र आयोजित किये गए। पहला सत्र 'प्राथमिक साइट' पर सुबह 9:15 बजे से 10 बजे तक और दूसरा सत्र 'डिजास्टर रिकवरी' पर सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चला था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील,

टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, आईटीसी और एशियन पेंट्स में अच्छा उछाल देखने को मिला था। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट लाल निशान पर बंद हुए थे।

कैसी रहेगी बाजार की चाल

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निफ्टी में कल अच्छी तेजी देखने को मिली थी। कारोबार के अंत में यह बढ़त के साथ बंद हुआ और दिनभर इसमें अच्छी तेजी देखी गई। तकनीकी चार्ट पर निफ्टी मजबूत दिखाई दे रहा है। इसमें ऊपरी बैंड के साथ कीमतों के कारोबार के संकेत मिल रहे हैं।

अगले सप्ताह इसमें और तेजी देखने को मिल सकती है। शॉर्ट टर्म में निफ्टी 23000-23100 के स्तर को हिट कर सकता है। वहीं निफ्टी का सपोर्ट 21900 के करीब बन रहा है। अगर निफ्टी इससे नीचे जाता है तो इसमें और कमजोरी देखने को मिल सकती है। अगर निफ्टी का ये सपोर्ट टूटता है तो निवेशक खरीदारी का रुख कर सकते हैं।

निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तान समर्थकों का प्रदर्शन जारी, लेकिन नहीं हो रहा असर

ओटावा. सरे में ओटावा में भारत के उच्चायुक्त की उपस्थिति में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को बाधित करने की घटना के ठीक एक दिन बाद खालिस्तान समर्थक समूहों ने शनिवार को टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावासों के सामने विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, इसका कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। आपको बता दें कि यह कार रैली ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के विरोध में आयोजित की गई थी।जिस समय ये विरोध प्रदर्शन

हुए उस समय दोनों ही दूतावास साप्ताहिक अवकाश के लिए बंद थे। इसलिए, इसका कोई असर नहीं हुआ। प्रदर्शनकारियों को दूतावासों के करीब आने से रोक दिया गया। कनाडाई पुलिस ने इमारतों की घेराबंदी कर दी, बैरिकेड्स लगा दिए और प्रदर्शनकारियों को दूर रखा। आपको बता दें कि यह इस विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के द्वारा बुलाया गया था।शुक्रवार की शाम को उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने शहर के शेरेटन गिल्डफोर्ड होटल में सरे बोर्ड ऑफ ट्रेड को संबोधित किया। आपको बता दें कि इसी इलाके में निज्जर की हत्या हुई थी। एसएफजे ने शहर को युद्ध क्षेत्र बताया और कहा कि यह वर्मा का विरोध जारी रखेगा।रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के सभी प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया। इसके कारण कोई भी प्रदर्शनकारी अंदर दाखिल नहीं हो पाए। मौके पर उग्र झड़पें भी हुईं।

पाकिस्तान में एक और मोस्ट वांटेड आतंकवादी का मर्डर, कश्मीर में किए थे कई हमले

इस्लामाबाद. पाकिस्तान से दो दिनों में लगातार दो हार्डकोर आतंकवादियों की मौत की खबर सामने आ रही है। शनिवार को पाकिस्तान स्थित मोस्ट वांटेड आतंकवादी कमांडरों में से एक शेख जमील-उर-रहमान को खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाया गया है। रहमान यूनाइटेड जिहाद काउंसिल (यूजेसी) का महासचिव और तहरीक-उल-मुजाहिदीन (टीयूएम) का अमीर था। वह कश्मीर के पुलवामा के रहने वाला था।

अक्टूबर 2022 में गृह मंत्रालय द्वारा उसे आतंकवादी घोषित किया गया था। उसकी मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। एक अधिकारी ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल था और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ भी काम करता था। आपको बता दें कि हाल के कुछ महीनों में पाकिस्तान में रहस्यमय परिस्थितियों में कई आतंकवादी मारे गए हैं या मृत पाए गए हैं।

टीयूएम का गठन जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान में विलय करने और अखिल-इस्लामवादी पहचान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। समूह को अपने शुरुआती वर्षों में एक बड़ा झटका लगा जब इसका संस्थापक यूनुस खान 1991 में एक मुठभेड़ में मारा गया। वहीं, यूजेसी जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सभी आतंकवादी संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए पाकिस्था स्थित जिहादी संगठनों का एक समूह था। इसमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल बद्र, हिजबुल मुजाहिदीन और कई अन्य आतंकी संगठन शामिल थे।सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, यूजेसी का इस्लामिक स्टेट से प्रेरित जेके-आईएस और अल-कायदा की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद जैसे आतंकी संगठनों के साथ टकराव चल रहा है।

चीन को पड़ोसी म्यांमार ने दिया तगड़ा झटका, रूस से बढ़ाए संबंध, तेल, फाइटर जेट से लेकर मिलिट्री ट्रेनिंग तक दे रहे पुतिन

म्यांमार में सेना और विद्रोही जातीय समूहों के बीच संघर्ष चल रहा है। इस बीच अब म्यांमार की जुंटा चीन पर अपनी निर्भरता कम कर रही है। म्यांमार रूस के साथ संबंधों को बढ़ा रहा है। म्यांमार में रूस सबसे बड़ा डिफेंस सप्लायर बनकर उभरा है। म्यांमार की सेना को रूस से ट्रेनिंग भी मिल रही है।

नाएप्यीडॉ. म्यांमार में भारत और चीन की सीमा से लगे राज्यों में विभिन्न जातीय समूहों के साथ म्यांमार की सेना का संघर्ष चल रहा है। इस बीच म्यांमार की जुंटा चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में जुट गया है।

म्यांमार की जुंटा रूस के साथ अपने संबंधों का विस्तार कर रही है। म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक संबंध मंत्री, डॉ. कान जॉ ने हाल ही में रूस का दौरा किया था। यहां उन्होंने एक गहरे समुद्र के बंदरगाह, एक विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), पेट्रोलियम रिफाइनरी, एक थर्मल पावर प्लांट (660 मेगावाट) और एक 330 मेगावाट के डेवलपमेंट से जुड़ी जानकारी ली।

इसके अतिरिक्त, सूत्रों के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देना था। विद्रोही समूहों का मुकाबला करने के लिए, म्यांमार ने पिछले साल रूस से अपने वायु सेना को बिजली देने के लिए अपने तेल आयात में वृद्धि की। मार्च से जून 2023 के बीच, जुंटा के नेतृत्व वाली सरकार ने 80 लाख बैरल से अधिक तेल का आयात किया। यह रूस और म्यांमार जुंटा के बीच बढ़ती साझेदारी को दिखाता है। पिछले साल अक्टूबर से, म्यांमार जुंटा और जातीय समूहों के बीच तेज लड़ाई के कारण म्यांमार-रूस रक्षा सहयोग में तेजी आई है।

सितवे बंदरगाह पर भारत की नजर

पिछले अक्टूबर में, सितवे नौसेना बेस के प्रमुख ने नौसेना के लिए उपकरण खरीदने के लिए रूस का दौरा किया, और नवंबर में एक समुद्री सुरक्षा अभ्यास हुआ।

यात्रा के दौरान रूस के साथ 35 मिलियन डॉलर का एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। भारत ने अपने पूर्वोत्तर राज्यों के साथ संपर्क के लिए सितवे में बंदरगाह बनाया है। सितवे शहर के नियंत्रण के लिए म्यांमार सेना और अराकान सेना के बीच लड़ाई चल रही है, जिस पर भारत की बारीकी से नजर है।

रूस दे रहा ट्रेनिंग

रूस म्यांमार के सैन्य हार्डवेयर का सबसे बड़ा सप्लायर बनकर उभरा है। इसमें सुखोई लड़ाकू जेट और रॉकेट लांचर शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 406 मिलियन डॉलर है।

फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद से, म्यांमार जुंटा प्रमुख मिन आंग ह्लिंग तीन बार रूस का दौरा कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस दो निजी सैन्य कंपनियों वैगनर और वेगा स्ट्रैटेजिक सर्विसेज के माध्यम से म्यांमार को पायलट और ड्रोन की ट्रेनिंग में मदद कर रहा है। इन कंपनियों के एक्सपर्ट म्यांमार में जमीन पर मौजूद हैं, खासकर उन राज्यों में जहां जातीय समूह सक्रिय हैं।

अमेरिका में अब भारतीय नर्तक की गोली मारकर हत्या; भारतीय दूतावास ने की निंदा, "समझ से परे संवेदनहीन हिंसा बताया

न्यूयॉर्क. अमेरिका में भारतीयों व भारतीय-अमेरिकी पर हुए एक और हमले में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के छात्र एवं 34 वर्षीय शास्त्रीय नर्तक की मिसौरी के सेंट लुइस में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुचिपुड़ी एवं भरतनाट्यम नर्तक अमरनाथ घोष को सेंट लुइस एकेडमी और सेंट्रल

वेस्ट इंड इलाके की सीमा के निकट कई गोलियां मारी गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वह पिछले साल पश्चिम बंगाल से अमेरिका आए थे। समाचार पोर्टल '5 ऑन योर साइड की शुक्रवार की खबर के अनुसार, सेंट लुइस मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, डेलमर बौलेवार्ड और क्लेरेंडन एवेन्यू में मंगलवार शाम सात बजकर 15 मिनट पर यह गोलीबारी हुई। घोष वाशिंगटन विश्वविद्यालय के 'परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे थे। बंगाल के सूरी शहर के रहने वाले घोष चेन्नई के प्रतिष्ठित संस्थान कलाक्षेत्र के पूर्व छात्र थे। इस बीच, अमरनाथ के चाचा श्यामल घोष ने शनिवार को कहा कि अमेरिका में उनके भतीजे की मौत के बारे में उन्हें अब तक विस्तृत जानकारी नहीं मिली है, जबकि घटना को चार दिन बीत चुके हैं। समाचार पोर्टल ने अमरनाथ की मित्र हिमा कृष्णा के हवाले से कहा, ''वह (अमरनाथ) कैसे नृत्य सीख रहे थे। मुझे लगता है कि यह वाशिंगटन विश्वविद्यालय में पूर्ण छात्रवृत्ति थी। उनका सपना नृत्य में पीएचडी की उपाधि हासिल करना और हमारी कुचिपुड़ी कला अकादमी में हमारे साथ पूर्णकालिक काम करने का था।

अमरनाथ की हत्या के बाद, शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने स्थानीय पुलिस और विश्वविद्यालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया। भारत के वाणिज्य दूतावास ने मृतक के रिश्तेदारों को हरसंभव मदद का उल्लेख करते हुए शिकागो में 'एक्स पर पोस्ट किया कि उसने निंदनीय हमले की जांच के लिए सेंट लुइस पुलिस और विश्वविद्यालय के समक्ष मामले को दृढ़ता से उठाया है।

भारत के करीब आने लगा पाकिस्तान, शहबाज के पीएम बनने से पहले उठाए दो बड़े कदम, क्या फिर होगी दोस्ती?

इस्लामाबाद. पाकिस्तान में एक नई सरकार बनने वाली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (PML-N) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) ने गठबंधन किया है। दोनों दल नवाज के भाई शहबाज शरीफ को पीएम बनाएंगे। पीएमएलएन को सेना का समर्थन मिला है। लेकिन नई सरकार का भारत से रिश्ता कैसा होगा? द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की ओर से भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए धीरे-धीरे प्रयास किए जा रहे हैं। पाकिस्तान कम जोखिम वाले कदम उठा रहा है, जिससे जनता नाराज न हो।

साल 2019 में 5 अगस्त को भारत ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। यह जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देता है। इसके बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली से अपना उच्चायुक्त वापस बुला लिया। तब से दोनों देशों का एक दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्त नहीं है। भारत के साथ संबंध बेहतर करने में पाकिस्तान ने दो कदम उठाए हैं। पहले कदम में पाकिस्तान ने साद अहमद वाराइच को तीन साल के कार्यकाल के लिए नई दिल्ली में उच्चायोग में नए चार्ज डी अफेयर्स (CDA) के रूप में भेजा है।

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू किया

वाशिंगटन: भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने पर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने और स्वयंसेवा करने का संकल्प लेते हुए अपना 2024 का प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है जिनमें से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी समेत 51 सीट उत्तर प्रदेश से हैं।'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी , यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की

शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारत में लोकसभा के 543 सदस्यों को चुनने के लिए अप्रैल और मई 2024 के बीच आम चुनाव प्रस्तावित है।

भारतीय-अमेरिकियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत विभिन्न भारतीय राज्यों में मामलों के उनके विश्लेषण पर प्रस्तुतियां दीं। अभी तक 3,000 से अधिक स्वयंसेवियों ने ओएफबीजेपी द्वारा समन्वित विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए हस्ताक्षर किए हैं।

पाकिस्तान की सत्ता पर दूसरी बार होगा शहबाज शरीफ का कब्जा, चुने जाएंगे प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद. पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ का पिछले महीने के चुनाव में मिले खंडित जनादेश के बाद गठबंधन सरकार की अगुवाई करने के लिए आज देश के अगला प्रधानमंत्री चुना जाएगा।PML-N तथा पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज ने शनिवार को अपना नामांकन सौंप दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। PML-N अध्यक्ष शहबाज (72) पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ (74) के छोटे भाई हैं।सभी को हैरत में डालते हुए नवाज शरीफ ने गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए शहबाज का समर्थन किया है।

लगातार चौथी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के लिए पिछले साल अक्टूबर में लंदन से लौटे नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद का चुनाव न लड़ने का फैसला किया है क्योंकि उनकी पार्टी PML-N को अपने दम पर सरकार बनाने के लिए आठ फरवरी को हुए चुनाव में पर्याप्त सीटें नहीं मिली हैं।

इस चुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की PTIई द्वारा समर्थित 90 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवारों ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। हालांकि, चुनाव बाद हुए गठबंधन में मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (MQM-P), इस्तेकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और PPP ने PML-N उम्मीदवार का समर्थन किया है जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि शहबाज शरीफ आसानी से मुल्क के 33वें प्रधानमंत्री बन जाएंगे।

फिलीपींस, खाड़ी देश... भारत-रूस की ब्रह्मोस मिसाइल की क्यों दीवानी हो रही है दुनिया, विशेषज्ञों से समझें

मिसाइलों की ओर वो देश देख रहे हैं, जो सुखोई जेट का इस्तेमाल करते हैं। मिस्र की सेना में लंबे समय से ये रूसी विमान हैं। इथियोपिया सुखोई-30 का संचालन करता है। इसमें लीबिया और अल्जीरिया की भी रुचि है। ये देश अब पश्चिम पर निर्भरता कम कर रहे हैं।

दुबई. भारत की मिसाइलों की दुनियाभर में लोकप्रियता बढ़ रही है। इसकी बानगी मिसाइलों को लेकर बढ़ती मांग से देखी जा सकती है। खाड़ी देशों से लेकर अफ्रीकी मुल्कों तक, सब भारत की मिसाइलें हासिल करना चाहते हैं। भारत की क्रूज मिसाइलें हवा और जमीन से लॉन्च किए जाने वाले दोनों वर्जन पेश करती हैं। ऐसे में अपनी मिसाइल क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से खाड़ी देशों और उत्तरी अफ्रीका के देशों के लिए भारत एक पसंदीदा विकल्प के रूप में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

स्पुतनिक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल ने खासतौर से अरब मुल्कों और अफ्रीकी देशों का ध्यान खींचा है, जिससे उनके रक्षा शस्त्रागार में मिसाइल के लिए अलग रुचि बनी है। विशेष रूप से सुखोई लड़ाकू जेट बेड़े वाले देशों ने मिसाइल प्रणाली के प्रति विशेष आकर्षण दिखाया है जो अपनी अनुकूलनशीलता के लिए जाना जाता है। हवा और जमीन से लॉन्च किए जाने वाले दोनों वेरिएंट के साथ, ब्रह्मोस उन देशों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन रहा है जो अपनी मिसाइल क्षमताओं को बढ़ाना चाहते हैं। इसमें भारत 450 किलोमीटर से अधिक के लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें खास हैं।

ब्रह्मोस के जरिए संबंधों को भी मिल रही मजबूती

जनवरी 2021 में भारत ने सहयोगी देशों के साथ संबंधों को बढ़ाने के प्रयास शुरू किए, जिसमें विभिन्न देश शामिल थे। इनमें सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे मध्य पूर्वी देशों पर खास जोर दिया गया। यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया (यूएसआई) के निदेशक मेजर जनरल संजीव चौधरी (सेवानिवृत्त) ने स्पुतनिक इंडिया को बताया, भारत सरकार ने इन देशों में पसंदीदा हथियार के रूप में पहचाने जाने वाले ब्रह्मोस के प्रति बढ़ती अनुकूलता पर बारीकी से नजर रखी। इसकी सटीक हमला करने की क्षमता है, जो ब्रह्मोस को अपनी श्रेणी में अन्य प्रणालियों पर बढ़त देती है। समय के साथ और भी देश इस सूची में शामिल हो गए हैं, इनमें मिस्र भी शामिल है।

यूएसआई के मेजर जनरल जगतबीर सिंह के मुताबिक, भारत की आर्थिक वृद्धि, रक्षा क्षमताओं और सैन्य-औद्योगिक परिसर का अवलोकन करने वाला कोई भी देश ब्रह्मोस संयुक्त उद्यम में रूस के साथ सहयोग को एक उल्लेखनीय रक्षा निर्यात हासिल कर सकेगा। विशेष रूप से सऊदी अरब, यूएई, मिस्र और आर्मेनिया जैसे देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए गए हैं, जिससे उन्हें संभावित ग्राहकों के रूप में स्थापित किया गया है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र पर बात करते हुए सिंह ने कहा कि सफल सहयोग और अत्याधुनिक तकनीक का होना इसमें महत्वपूर्ण है। ब्रह्मोस मिसाइलें इसका एक अच्छा उदाहरण हैं। भारत और रूस मिलकर विश्व स्तरीय तकनीक विकसित करने के लिए शोध कर रहे हैं। इसे वैश्विक मान्यता मिल रही है।

डोनाल्ड ट्रंप ने मिसौरी और इडाहो कॉकस में हासिल की जीत, मिशिगन जीओपी सम्मेलन में किया स्वीप

वाशिंगटन. अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को इडाहो और मिसौरी में कॉकस जीतकर और मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन हासिल कर देश के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की अपनी दावेदारी शनिवार को पुख्ता कर ली। इसी के साथ ट्रंप को अब तक 244 डेलिगेट का समर्थन मिल चुका है जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी एवं संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली मात्र 24 डेलिगेट के समर्थन के साथ उनसे काफी पीछे हैं। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए किसी भी दावेदार को कम से कम 1,215 डेलिगेट के समर्थन की आवश्यकता होगी।

मिसौरी कॉकस में ट्रंप ने 100 प्रतिशत मत हासिल कर सभी डेलिगेट का समर्थन जीत लिया।

मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के कुल 55 डेलिगेट में से 39 डेलिगेट का आवंटन किया गया। इस दौरान ट्रंप से सभी 39 डेलिगेट का समर्थन हासिल कर लिया। इससे पहले ट्रंप ने पिछले मंगलवार को मिशिगन का प्राइमरी चुनाव 68 प्रतिशत मतों के साथ आसानी से जीत लिया था जबकि

हेली को मात्र 27 प्रतिशत मत मिले थे। इडाहो कॉकस में ट्रंप ने करीब 85 प्रतिशत मत हासिल किए।

अब 5 मार्च के मुकाबले पर निगाहें

हेली और ट्रंप के बीच पांच मार्च को 'सुपर ट्यूजडे' (महामंगलवार) के दिन होने वाला मुकाबला अहम होगा। देशभर के 21 राज्यों में पांच मार्च को रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव होंगे। सुपर ट्यूजडे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में उम्मीदवारी की दौड़ में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वह बीते दो बार से रिपब्लिकन कैंडिडेट के तौर पर राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे हैं। अब उनके तीसरा बार कैंडिडेट बनने की संभावना बढ़ रही है नेवादा और वर्जिन आइलैंड में वह जीत हासिल कर चुके हैं और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली को भी कैरोलिना रिपब्लिकन प्रतियोगिता में हरा चुके हैं। ट्रंप रिपब्लिकिन कैंडिडेट बने तो फिर इस साल नवंबर में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में उनका डेमोक्रेटिक पार्टी के कैंडिडेट जो बाइडेन से मुकाबला होगा।

सौरव गांगुली ने खत्म की रणजी ट्रॉफी vs IPL' डिबेट, बोले- सचिन, द्रविड़ और मैं...

नई दिल्ली.एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई के चेयरमैन रहे सौरव गांगुली ने युवा क्रिकेटरों को सलाह दी है कि आईपीएल और रेड-बॉल क्रिकेट में करियर साथ-साथ चल सकता है। उनका कहना है कि रणजी ट्रॉफी के करीब एक महीने बाद आईपीएल शुरू होता है तो आपको उसके लिए चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सौरव गांगुली खुद सक्रिय क्रिकेटर होकर सभी फॉर्मेट की क्रिकेट को तवज्जो देते थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, विराट कोहली और रोहित शर्मा का उदाहरण देते हुए अपनी बात स्पष्ट की। रणजी ट्रॉफी छोड़ने की वजह से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को अपना अनुबंध खोना पड़ा है। ईशान किशन ने मानसिक थकान का हवाला देते हुए दिसंबर में टीम से अपना नाम वापस लिया था और अब वे डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में उतरे।

वहीं, श्रेयस अय्यर चोट के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हुए थे, लेकिन एनसीए द्वारा फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद भी रणजी ट्रॉफी नहीं खेले और वे कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप में चले गए। बीसीसीआई इससे नाराज दिखी और उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट टर्मिनेट कर दिया। बीसीसीआई ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को लेकर चल रही तमाम खबरों के बीच साफ शब्दों में कहा था कि अगर रणजी ट्रॉफी कोई खिलाड़ी छोड़ता है तो उसके गलत परिणाम होंगे। जय शाह ने राजकोट में एक इवेंट में ये बात कही थी और कुछ दिनों के बाद एक ईमेल लिखकर सभी खिलाड़ियों को इसकी जानकारी दी थी कि रणजी ट्रॉफी छोड़कर आपको आईपीएल को प्राथमिकता नहीं देनी है। इसी पर गांगुली ने कहा है कि अगर आपको रेड और व्हाइट बॉल क्रिकेट खेलने में दिक्कत नहीं है तो फिर साथ में दोनों खेल सकते हैं। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा, -ये लाल गेंद और सफेद गेंद दोनों खेल सकते हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के साथ-साथ आईपीएल करियर भी हो सकता है।

महिला पहलवान ने कंधे पर उठाकर बनाई युजवेंद्र चहल की फिरकी, हुआ बुरा हाल

नई दिल्ली.भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला पहलवान चहल को अपने कंधों पर उठाकर उनकी फिरकी बनाती हुई नजर आ रही है। यह वीडियो झलक दिखला जा की रैप-अप पार्टी का बताया जा रहा है। बता दें, चहल की पत्नी धनश्री वर्मा इस शो का हिस्सा थीं और उन्होंने टॉप-5 में अपनी जगह बनाई थी। हालांकि वह इस शो को जीत नहीं पाईं। मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 की विनर बनीं।

बात युजवेंद्र चहल के इस वीडियो की करें तो उन्हें और किसी ने नहीं बल्कि महिला पहलवान संगीता फोगाट ने उठाया था। संगीता

फोगाट भी इस शो का हिस्सा थीं, मगर वह पहले ही हफ्ते बाहर हो गई थीं। वीडियो में संगीता युजवेंद्र चहल को अपने कंधे पर उठाकर घुमाती दिख रही है। भारतीय खिलाड़ी उन्हें बार-बार उतारने को कह रहा था, मगर वह मान नहीं रही थी। जब संगीता ने चहल को जमीन पर उतारा तो उनका बुरा हाल हो रखा था।

बात युजवेंद्र चहल की करें तो वह फिलहाल टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच टी20 फॉर्मेट में पिछले साल अगस्त में खेला था। बीसीसीआई ने हाल ही में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी जारी किया है जिसमें युजवेंद्र चहल को बाहर कर दिया गया है। पिछले साल तक चहल इसका हिस्सा थे।अब चहल आगामी आईपीएल 2024 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। उम्मीद है इस सीजन में धाकड़ परफॉर्मेंस देने के बाद वह वापस टीम इंडिया में अपनी जगह बना पाएं।

ऑस्ट्रेलिया ने 8 साल बाद न्यूजीलैंड को घर में घुसकर रौंदा, मेजबानों को 172 रनों से चटाई धूल, ये खिलाड़ी बना हीरो

नई दिल्ली.पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में 172 रनों से रौंदकर 2 मैच की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली है। कंगारुओं ने मेजबानों के सामने जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य रखा था, इस स्कोर के आगे कीवी टीम 196 रनों पर ही सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को घर में घुसकर 8 साल बाद रौंदा है, इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड की सरजमीं पर आखिरी जीत 2016 में मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो कैमरून ग्रीन रहे जिन्होंने इस मुश्किल पिच पर 174 रनों की नाबाद पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने 10वें विकेट के लिए जोश हेजल वुड के साथ 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी की थी। ग्रीन को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।वहीं गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लायन चमके, जिन्होंने पूरे मैच में 10 विकेट चटकाए। पहली पारी में उन्हें 4 सफलताएं मिली तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 6 कीवी बल्लेबाजों का शिकार किया।पिछले 2 दशक में न्यूजीलैंड और

ऑस्ट्रेलिया के बीच 20 मुकाबले खेले जा चुके हैं जिसमें कंगारुओं की यह 17वीं जीत है।

ऑस्ट्रेलिया इस दौरान मात्र एक ही टेस्ट कीवी टीम से हारा है।

न्यूजीलैंड की हार की मुख्य वजह उनके बल्लेबाज बने, दोनों पारियों में एक भी बार टीम 200 रन का आंकड़ा नहीं छू पाई। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कैमरोन ग्रीन (174*) की शतकीय पारी के दम पर 383 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर के आगे न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 179 रनों पर ढेर हो गई थी।कंगारुओं को पहली पारी के बाद 204 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिली थी। हालांकि ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में बड़ा स्कोर नहीं कर पाई। न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी करते हुए मेहमानों को दूसरी पारी में मात्र 164 रनों पर समेट दिया था। ग्लेन फिलिप्स इस दौरान गेंदबाजी में चमके थे, उन्होंने करियर का पहला 5 विकेट हॉल लिया था।

मेजबानों को जीत के लिए 369 रनों का लक्ष्य मिला था। टीम की शुरुआत इस दौरान भी बेहद खराब रही थी। महज 59 के स्कोर पर केन विलियमसन समेत टॉम लैथम और विल यंग के रूप में टीम ने तीन बड़े विकेट खो दिए थे। हालांकि तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक रचिन रविंद्र (59) और डेरिल मिचेल (38) ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाल लिया था और चौथा विकेट नहीं गिरने दिया था।

न्यूजीलैंड ने चौथे दिन की शुरुआत 3 विकेट के नुकसान पर 111 रनों से की थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि मेजबान टीम आखिरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देगी, मगर चौथे दिन के पहले सेशन में ही कंगारुओं ने न्यूजीलैंड को समेट दिया। न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 196 रनों पर ऑलआउट हुआ और ऑस्ट्रेलिया ने 172 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया।

New Zealand vs Australia Highlights vst Test- ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड को 172 रनों से हराकर दो मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। नाथन लायन कंगारुओं की जीत के हीरो रहे।

अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में एमएस धोनी, साक्षी और ब्रावो ने खेला डांडिया

नई दिल्ली.देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी जामनगर में जारी है। देश और दुनिया के हजारों हस्तियां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले की रस्मों में गवाह बन रही हैं। फिल्मी सितारे, क्रिकेटर, बिजनेसमैन और तमाम बड़े लोगों से जामनगर भरा हुआ है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी भी इस इवेंट का हिस्सा हैं। सीएसके के उनके पूर्व साथी ड्वेन ब्रावो भी जामनगर पहुंचे। ये दोनों दिग्गज साथ में डांडिया खेलते नजर आए, क्योंकि गुजरात में डांडिया काफी फेमस है।

इन दोनों का वीडियो वायरल हो रहा है।2 मार्च को एमएस धोनी अपनी पत्नी साक्षी और साउथ के सुपरस्टार रामचरन के साथ नजर आए थे। बाद में वे ब्रावो के साथ डांडिया खेलते नजर आए। सीएसके की फैन आर्मी ने उनका वीडियो शेयर किया है। कैप्शन में विसलपोडू आर्मी ने लिखा, अनंत-राधिका के विवाह से पहले आयोजित उत्सव में थाला धोनी, साक्षी और डीजे ब्रावो डांडिया खेलते हुए!! ड्वेन ब्रावो मुंबई इंडियंस के लिए कुछ सीजन खेले हैं और मुंबई इंडियंस टीम के लिए जो खेलता है, वह हमेशा के लिए एमआई फैमिली में शामिल हो जाता है। यही कारण है कि उनको भी ये निमंत्रण मिला था।

धोनी ही नहीं, बल्कि सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, जहीर खान, किरोन पोलार्ड, हार्दिक पांड्या, ड्वेन ब्रावो, टिम डेविड, ट्रेंट बोल्ट, निकोलस पूरन समेत देश और दुनिया के दर्जनों क्रिकेटरों ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया।

3 मार्च को भी ये इवेंट जारी रहेगा। मुंबई इंडियंस के लिए कभी ना कभी खेलने वाले ज्यादातर क्रिकेटरों को इस इवेंट का इन्वाइट मिला था।

सुनील गावस्कर ने साधा विराट कोहली पर निशाना? बोले- अगर कोई सोचता है कि भारत उनके बिना नहीं जीत सकता तो....

नई दिल्ली.एजेंसी

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बातों ही बातों में विराट कोहली पर निशाना साधा है। विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैच की टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं है। उन्होंने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के चलते ब्रेक लिया है। हालांकि उनकी गैरमौजूदगी में युवा खिलाड़ियों का धाकड़ प्रदर्शन के दम पर भारत ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। हैदराबाद टेस्ट जीतकर जरूर इंग्लिश टीम ने अच्छी शुरुआत की थी, मगर इसके बाद रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड ने इंग्लैंड को विशाखापट्टनम, राजकोट और रांची में धूल चटाई। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में खेला जाना है और इस मैच को जीतकर भारत की नजरें 4-1 से सीरीज खत्म करने पर होगी।

इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों का परफॉर्मेंस शानदार रहा है। यशस्वी जायसवाल का बल्ला इस सीरीज में आग उगल रहा है, वहीं रांची टेस्ट में ध्रुव जुरेल और आकाश दीप ने महफिल लूटी। इससे पहले राजकोट में सरफराज खान चमके थे, उन्होंने अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़े थे। भारतीय खिलाड़ियों की फर परफॉर्मेंस से सुनील गावस्कर काफी खुश नजर आए।गावस्कर ने बड़ा बयान देते हुए स्पोर्ट्स तक से कहा, इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं, आपको बड़े नामों की जरूरत नहीं है... अगर कोई बड़ा नाम सोचता है कि भारत उसके बिना नहीं जीतेगा तो इन दो सीरीज ने दिखाया है कि आप वहां हैं या नहीं (इससे कोई फर्क नहीं पड़ता)। क्रिकेट एक टीम गेम है। यह किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है।

WTC के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज बने नाथन लायन, अश्विन को इस मामले में पछाड़ा

नई दिल्ली.एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में एक बड़ा कारनामा कर दिया है। वह इस टूर्नामेंट में 10 बार 5 विकेट हॉल लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।

जी हां, इस मामले में उन्होंने भारतीय स्पिनर आर अश्विन को पछाड़ा है जिनके नाम WTC में 9 बार 5 विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड है। नाथन लायन ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट में हासिल की। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में पंजा खोलते हुए 6 कीवी बल्लेबाजों का शिकार किया। लायन ने इस मैच में कुल 10

विकेट चटकाए। उनकी इस धाकड़ परफॉर्मेंस के दम पर ही ऑस्ट्रेलिया यह मुकाबला 172 रनों से जीतने में कामयाब रहा। ऑस्ट्रेलिया ने दो मैच की इस टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

नाथन लायन ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टॉम लैथम के रूप में अपना पहला शिकार किया, इसके बाद उन्होंने केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडल, ग्लेन फिलिप्स को आउट कर अपना पंजा खोला, वहीं 6ठा विकेट उन्हें कप्तान टिम साउदी के रूप में मिला।

यह WTC 2023-25 में लायन का पहला 5 विकेट हॉल है।बात WTC के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों की करें तो टॉप-5 की इस सूची में नाथन लायन और आर अश्विन के बाद पैट कमिंस, जसप्रीत बुमराह और टिम साउदी का नाम आता है। कमिंस ने 8 बार तो, बुमराह व साउदी ने क्रमश 7 और 6 बार यह कारनामा किया है।

मुंबई इंडियंस फिर बनी नंबर-1, आरसीबी को पॉइंट्स टेबल में भारी नुकसान

मुंबई इंडियंस ने शनिवार रात डब्ल्यूपीएल 2024 के 9वें मुकाबले में आरसीबी को हराकर एक बार फिर नंबर-1 का पायदान अपने नाम किया है। आरसीबी चौथे पायदान पर खिसक गई है।

नई दिल्ली.एजेंसी

गत चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) ने शनिवार रात वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 9वें मुकाबले में स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को हराकर पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। यूपी वॉरियर्स के खिलाफ पिछले मुकाबले में मिली हार के साथ जरूर एमआई की टीम थोड़ा लड़खड़ाई थी, मगर आरसीबी के खिलाफ एकबार फिर लय हासिल कर इस टीम ने जीत दर्ज की है। बैंगलोर ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 131 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा मुंबई ने 15.1 ओवर में 7 विकेट रहते कर लिया। एमआई की जीत में अहम योगदान अमिलिया केर ने दिया। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के साथ 24 गेंदों पर 40 रनों की धुआंधार पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

आरसीबी के खिलाफ मिली इस जीत के बाद मुंबई इंडियंस के 6 अंक हो गए हैं और टीम पॉइंट्स टेबल के शीर्ष पर है। आरसीबी ने कुछ ही दिनों पहले पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 का पायदान हासिल किया था, मगर पिछले दो मैचों में हार का सामना करने के बाद टीम अब सीधा चौथे पायदान पर खिसक गई है। जी हां, आरसीबी के अलावा पॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के भी 4-4 अंक है, मगर खराब नेट रन रेट होने के चलते आरसीबी चौथे पायदान पर है।वहीं गुजरात जायंट्स की टीम अभी तक पॉइंट्स टेबल में खाता नहीं खोल पाई है। टीम ने अभी तक खेले तीनों मुकाबले गंवाए हैं। आज उनका मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होना है, मगर गुजरात आज भी जीत नहीं दर्ज कर पाया तो उनकी प्लेऑफ की राह काफी कठिन हो जाएगी।

भारत के सिर सजा नंबर-1 का ताज, न्यूजीलैंड की हार से रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को बंपर फायदा

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में भारत ने पहले स्थान हासिल कर लिया है। न्यूजीलैंड की हार से टीम इंडिया को बंपर फायदा मिला है।

नई दिल्ली. आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में एक बार फिर भारत के सिर नंबर-1 का ताज सज गया है। रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड को एक बार फिर पहला पायदान न्यूजीलैंड की हार के चलते मिला। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वेलिंगटन में दो मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया था, इस मैच में मेजबान टीम को 172 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मैच गंवाने के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 की पोजिशन भी गंवा दी है। कीवी टीम इस हार के बाद दूसरे पायदान पर खिसक गई है, वहीं भारत टॉप पर पहुंच गया है।

वेलिंगटन टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया 75 प्रतिशत अंकों के साथ कुआए पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर बना हुआ था, वहीं भारत 64.58 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर था। न्यूजीलैंड के खाते में इस हार के बाद 60 प्रतिशत अंक ही रह गए हैं, ऐसे में भारत ने नंबर-1 की पोजिशन हासिल कर ली है। वहीं ऑस्ट्रेलिया इस जीत के बाद 59.09 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे पायदान पर बना हुआ है।भारत की परफॉर्मेंस इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में काफी शानदार रही है। टीम इंडिया 5 मैच की इस सीरीज में पहला मुकाबला गंवाने के बावजूद 3-1 की अजेय बढ़त बना चुकी है। हैदराबाद टेस्ट को जीतकर इंग्लिश टीम ने सीरीज का आगाज जोरदार अंदाज में किया था, हालांकि इसके बाद वह अपनी परफॉर्मेंस को अगले मैचों में दोहरा नहीं पाए।

भारत ने इसके बाद विशाखापट्टनम, राजकोट और रांची में बेन स्टोक्स की टीम को बुरी तरह रौंदकर सीरीज अपने नाम की। सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतती है तो वह डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 के पायदान पर बनी रहेगी, वहीं इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में उनकी हार डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल उन्हें नुकसान पहुंचा सकती है।

कैसा रहा न्यूजीलैंड बर्सेस ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट?

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कैमरोन ग्रीन (174*) के नाबाद शतक के दम पर पहली पारी में 383 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस दौरान उन्होंने 10वें विकेट के लिए जोश हेजलवुड के साथ 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी की थी। ऑस्ट्रेलिया के इस स्कोर के आगे न्यूजीलैंड पहली पारी में मात्र 179 रनों पर सिमट गया। ऐसे में कंगारुओं को 204 रनों की अच्छी बढ़त मिल गई थी।

यूपी के युवा भी बनेंगे स्मार्ट : योगी

जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : सीएम योगी

आश्वासन

8 प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

टीम एक्शन इंडिया

गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। सीएम योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे।

डिजिटली सक्षम बन रहे यूपी के युवा, बनाएंगे डिजिटल इंडिया का अग्रणी राज्य: मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं।

जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय, सरकार दे रही पैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है।

भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखें जीने की राह: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश भाई-भाई हैं। मैं जितना मध्य प्रदेश का हूं, उतना ही उत्तर प्रदेश का भी हूं, मेरी जड़ें उत्तर प्रदेश से संबंधित है। उन्होंने यादव समाज से अपील की कि वह एक ही परिवार की राजनीति से बाहर निकले तभी यादव समाज का विकास संभव है। बिजनौर रोड पर स्थित गुडौरा मैदान में आयोजित यादव महाकुंभ में उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत है कि यादव समाज का हर परिवार अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। मध्य प्रदेश सरकार देश भर में कहीं भी यादव परिवार का युवा अगर आगे बढ़ता है और उसे पढ़ाई में किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद की जरूरत होगी तो हमारी सरकार मदद करेगी।उन्होंने कहा कि यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण ने भी समाज को विभिन्न माध्यमों से शिक्षा दी थी। श्रीमद्भागवत गीता उन्हीं की शिक्षाओं पर आधारित एक ग्रंथ है। इसलिए हमें आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का धार्मिक विकास मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर करेगी इसके लिए दोनों सरकारों के बीच संवाद चल रहा है। इससे पहले श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार और यादव महाकुंभ के आयोजक मनीष यादव ने कहा कि आज यादव समाज के लिए एक नई लकीर खींची गई है।

फास्ट न्यूज

उपराज्यपाल ने पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

जम्मू: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिजनों को एसआरओ-43 के तहत नियुक्ति आदेश सौंपे। नियुक्ति आदेश सफीर अहमद की पत्नी जरीना बेगम, शब्बीर अहमद के भाई मोहम्मद कबीर, शौकत अली के भाई मोहम्मद रजाक, गांव बुफलियाज, सुरनकोट, जिला पुंछ के सभी निवासियों को सौंपे गए। परिवारों को आवासीय उद्देश्य के लिए एक-एक कनाल भूमि के आवंटन आदेश भी सौंपे गए। उपराज्यपाल ने परिवार के सदस्यों को भविष्य में जम्मू-कश्मीर प्रशासन से हर संभव सहायता का आष्वासन दिया। इस अवसर पर पुंछ के उपायुक्त चौधरी मोहम्मद यासीन भी उपस्थित थे।

ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों के खेतों में पहुंचे अफसर, कलेक्टर बोले- जल्द करें सर्वे

शिवपुरी: शिवपुरी जिले में अभी दो दिनों में हुई बारिश के कारण किसानों की फसल प्रभावित हुई है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसल को भारी नुकसान हुआ है।कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को ओलावृष्टि प्रभावित गांव में सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं । वहीं, स्वयं कलेक्टर भी रविवार को प्रभावित ग्रामों के भ्रमण के लिए निकले। उन्होंने शिवपुरी, करेरा और पिछोर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, एसडीएम अनूप श्रीवास्तव के साथ शिवपुरी के ग्राम रायश्री और सतेरिया पहुंचे। वहां किसानों से भी चर्चा की। मौके पर उपस्थित तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा और पटवारी को ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों में जल्द फसल क्षति सर्वे के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पिछोर के नावली गांव में भी एसडीम राजीव समाधिया और तहसीलदार को निर्देश दिए। नावली गांव में भ्रमण के दौरान पटवारी मौके पर उपस्थित न होने पर पिछोर एसडीएम को संबंधित पटवारी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त टीम बनाकर ओलावृष्टि से प्रभावित गांव का सर्वे कराएं।

योगी सरकार उप्र में जल्द शुरू करने जा रही युवा उद्यमी विकास अभियान

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जल्द ही प्रदेश में महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (टवश्अ) शुरू करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरी कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश के युवाओं में आंत्रप्रेन्योरशिप (उद्यमशीलता) को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार इस योजना के जरिए प्रति वर्ष एक लाख युवा उद्यमियों को तैयार करेगी।

24 घंटे में दें खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा: सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 2 मार्च तक 50 जिलों के सात हजार से अधिक किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है।

सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से भी दिया जाएगा। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है।

नक्सली स्मारक को जवानों ने किया ध्वस्त

दंतेवाड़ा: जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत सीएएफ कैम्प पोटाली के आस-पास के क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित करने की आसूचना पर आज रविवार को थाना अरनपुर व सीएएफ कैम्प पोटाली का संयुक्त बल गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन हेतु घुर नक्सल प्रभावित पोटाली से उरपालपारा के जंगल की ओर रवाना किया गया था। संयुक्त बल के जवानों द्वारा गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान उरपालपारा के जंगल में नक्सलियों के द्वारा बनाये गये नक्सल स्मारक को ध्वस्त कर दिया है।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले आजमगढ़ के विकास कार्यों को जनता के बीच लाने के लिए भाजपा सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी मार्च महीने में आजमगढ़ आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रमों का जायजा लेने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब साढ़े तीन बजे मंदुरी में स्थित आजमगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे।

हरियाणा से सारे गुंडे बदमाशों को फिर बाहर कर देंगे: हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: कलायत अनाज मंडी में आयोजित जन-आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कलायत में उमड़ा जनसैलाब इस बात का संकेत है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। जनआक्रोश रैली में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित हुड्डा ने अपने अंदाज में कहा कि कलायत ने लट्ठ गाड़ दिया। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और चरमराई कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जब 2005 में उनकी सरकार आयी थी उस समय भी कानून-व्यवस्था के हालात बेहद खराब थे।

लेकिन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने अपराधियों को कड़ी चेतावनी देकर कहा था कि या तो वो अपराध छोडकर मुख्यधारा में आ जाएं या हरियाणा छोड़ दें। आज भारत सरकार की सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स (रढक) रिपोर्ट में हरियाणा को देश में सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया है। हुड्डा ने कहा कि इस बार फिर कांग्रेस सरकार आने पर हरियाणा से सारे गुंडे बदमाशों को बाहर करेंगे। हुड्डा ने अपने मन की टीस बताते हुए कहा कि 2014 के पहले जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ी, रोजगार देने में नंबर 1 था आज वो हरियाणा बेरोजगारी, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर 1 बन गया है।

ऐलान

8 जनआक्रोश रैली में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित हुड्डा ने कहा कलायत ने लट्ठ गाड़ दिया

हाईकोर्ट ने पानी टंकी ओवरब्रिज तोड़ने के मामले में मांगी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया

प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पानी टंकी ओवरब्रिज तोड़ने के मामले में जानकारी तलब की है। कोर्ट ने कहा है कि इस सम्बंध में सुनवाई की अगली तारीख पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कोर्ट इस मामले की सुनवाई चार अप्रैल को करेगा। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने कमलेश कुमार सिंह व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। इसके

पहले सुनवाई शुरू होते ही याची अधिवक्ता ने कहा कि प्रशासन ने ओवर रेलिंग टूटने पर ही ओवरब्रिज को तोड़ने का निर्णय ले लिया। जबकि, उस ओवर ब्रिज से बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं का हाईकोर्ट, कैट, रेवेन्यू बोर्ड, जिला अदालत सहित अन्य न्यायिक संस्थानों में आना-जाना है। शहर का आधा हिस्सा ओवर ब्रिज से ही होकर गुजरता है। इससे आवागमन है। छात्रों का भी शैक्षणिक संस्थानों में आना-जाना है। पुराने ओवर ब्रिज को तोड़ देने से जाम की समस्या खड़ी हो जाएगी। सारा आवागमन एक ही ओवर ब्रिज पर हो जाएगा, जिससे लोगों को परेशानी होगी। प्रशासन ने ओवर ब्रिज तोड़ने का निर्णय ले लिया लेकिन कोई नया ब्रिज बनाने का प्रस्ताव नहीं बताया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्थान कई क्षेत्रों में रहा प्रथम स्थान पर

टीम एक्शन इंडिया

जयपुर: शहरी क्षेत्र में लगने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंपों में लोगों की भागीदारी के मामले में राजस्थान देश भर में प्रथम रहा है। कुल 1415 शहरी कैंपों में 52 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। वहीं इन कैंपों में 26 लाख से अधिक महिला भागीदारी के साथ इस क्षेत्र में भी राजस्थान देशभर में प्रथम रहा है। राजस्थान में चार लाख से अधिक लोगों ने आधार कार्ड कैंपों में भाग लिया व 23 लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी हेल्थ कैंपों में रही। इसके अलावा पांच लाख से अधिक लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाए, दो लाख से ज्यादा लोग मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थी रहे और क्विज खेलने वाले लोगों की संख्या भी दो लाख से अधिक रही। इन सभी क्षेत्रों में राज्य प्रथम स्थान पर रहा। वहीं दो लाख से अधिक लोगों द्वारा पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ लिए जाने से इस मामले में राजस्थान, उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी) कैंपों में 25 लाख से ज्यादा पुरुषों की भागीदारी और 33 लाख से अधिक लोगों के संकल्प लेने के साथ राज्य ने इन दोनों क्षेत्रों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इन दोनों ही क्षेत्रों में जम्मू कश्मीर ने प्रथम स्थान हासिल किया।

छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा करेगी जीत हासिल: देव

जगदलपुर: भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की जाने के बाद बस्तर जिला भाजपा कार्यालय जगदलपुर में बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से मुलाकात की। इस अवसर पर देव ने महेश कश्यप को मिठाई खिलाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। निश्चित ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का अनुपालन करते हुए, हम छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

इंदौर को भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के अभियान को बनाए जाएगा प्रभावी

टीम एक्शन इंडिया

इंदौर: इंदौर शहर को बाल भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के लिए चल रहे अभियान की सफलता को देखते हुए इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। अब बाल भिक्षुकों के साथ ही बड़ी उम्र के भिक्षुकों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनाया जाएगा। भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों और अन्य भिक्षुकों के शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। भिक्षावृत्ति पर कार्यवाही के लिये गठित दल में अब पुलिस भी साथ

रहेगी। नगर निगम का कर्मचारी भी दल में रहेगा। डीएसपी स्तर के अधिकारी पुलिस व्यवस्था की मॉनीटरिंग करेंगे। साथ ही भिक्षावृत्ति पर निगरानी की व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाते हुए स्मार्ट सिटी कार्यालय द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जायेगा। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भिक्षावृत्ति पर निगरानी होगी। यह जानकारी रविवार को यहां कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा भिक्षुक मुक्त शहर बनाये जाने के संबंध में ली गई समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, सपना लोवंशी, डीसीपी हंसराज सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि बाल भिक्षुक मुक्त करने के अभियान को आशातीत सफलता मिली है। इस अभियान को निरंतर चलाये जाने की जरूरत है।

साथ ही कलेक्टर आशीष सिंह ने अभियान का दायरा बढ़ाते हुए अब बड़े उम्र के भिक्षुकों के विरूद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनायें। शहर में कहीं भी भिक्षुक दिखायी नहीं दें।

शिलान्यास पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन और शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने, डबल इंजन सरकार में विकास भी, गरीब कल्याण भी : सीएम योगी

जनता को माथे पर बैठाकर सेवा करती है अच्छी सरकार: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

गोरखपुर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर-माथे पर बैठाकर सेवा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन

की सरकार ऐसी ही है। इस सरकार में विकास है तो गरीब कल्याण भी। इसमें सुरक्षा, आजीविका, आस्था के सम्मान के साथ समृद्धि भी है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिका पूजन तथा बटन दबाकर शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था और बाकी पब्लिक देखती रह जाती थी। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा नहीं है। हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इस समझ को बनाए रखना है और लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार चार सौ पार के नारे को साकार करना है।

भविष्य में विश्वविद्यालय बनेगा यह महाविद्यालय: सीएम योगी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि ताल नदोर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में विश्वविद्यालय बना दिया जाएगा। तब गोरखपुर में पांच विश्वविद्यालय हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पशुओं के इलाज के साथ नस्ल सुधार के कार्य भी होंगे।

विकास कार्य

8 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी

शिमला में बर्फ पर फिसली एचआरटीसी की बस, चालक-परिचालक बाल-बाल बचे

टीम एक्शन इंडिया

शिमला: शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी से परिवहन व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। वहीं सड़कों पर सफर करना जानलेवा हो गया है। रविवार को रोहड़ू उपमण्डल के टिक्कर इलाके में जमी बर्फ के कारण एचआरटीसी बस खाई में गिरने से बच गई। इस बस में चालक व परिचालक ही मौजूद थे। यह हादसा पौने 11 बजे के करीब पेश आया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहड़ू डिपू की बस एचपी 10ए-6794 पुजारली से रोहड़ू की तरफ जा रही थी। टिक्कर तहसील

के खलावन नाला के पास बर्फ से फिसल कर बस सड़क से बाहर की ओर लटक गई। गनीमत यह रही कि बस पेड़ों सेबस में चालक व परिचालक के अतिरिक्त कोई भी अन्य स्वारी नहीं बैठी थी। हादसे में बस के आगे के शीशे टूट गए। हालांकि चालक व परिचालक पूरी तरह सुरक्षित है। एचआरटीसी ने क्रेन के जरिये बस को निकाला। बस को पवन कुमार चला रहा था। रोहड़ू के डीएसपी ने बताया कि बर्फ पर फिसलने से हादसा हुआ है। बस के चालक और परिचालक चोटिल नहीं हुए हैं। बर्फबारी ने प्रदेश के पहाड़ी इलाकों की सपीली सड़कों की रफतार पर ब्रेक लगा दी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार देर शाम तक राज्य भर में पांच नेशनल हाईवे समेत 652 सड़कें अवरूद्ध हो गई हैं।